
आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच





# पेरिस ओलंपिक का आगाज

## भारतीय खिलाड़ियों पर टिकी देशवासियों की उम्मीदें

**पेरिस (एजेंसी)।** सीन नदी के किनारे भारतीय समयानुसार देर रात पेरिस ओलंपिक का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय ध्वजवाहक पीवी सिंधू और अचंता शरत कमल की अगुआई में भारतीय दल ने देशों के बोट परेड में हिस्सा लिया। पेरिस में 1900 और 1924 के बाद तीसरी बार ओलंपिक हो रहे हैं। छह किलोमीटर की परेड आस्टरलिज ब्रिज से शुरू हुई जिसमें 85 नावों में 205 देशों के 6800 से अधिक खिलाड़ी सवार थे और एक शरणार्थी ओलंपिक टीम भी थी। भारी संख्या में खिलाड़ियों ने कल स्पर्धाएं होने के कारण उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लिया।

भारतीय दल की अगुआई दो ध्वजवाहकों दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और टेबल टेनिस दिग्गज अचंत शरत कमल ने की। आयोजकों ने सुरक्षा और लॉजिस्टिक की चुनौतियों से पार पाते हुए पूरे शहर को उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनाकर अभूतपूर्व नजारा पेश किया। भारत के 117 खिलाड़ी इन खेलों में भाग ले रहे हैं जिनमें 47 महिलाएं हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वजवाहक पीवी सिंधू ने कार्यक्रम से पहले अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की। उद्घाटन समारोह के दौरान सीन नदी पर मौजूद दर्शकों और अन्य गणमान्य लोगों का अभिवादन स्वीकार करते भारतीय दल के ध्वजवाहक शरत कमल और पीवी सिंधू। सिंधू और शरत की अगुआई में भारतीय दल ने तिरंगा लेकर सभी का अभिवादन किया।



## 'ऐटा चोलबे ना' नीति आयोग की बैठक से नाराज होकर निकली ममता

# बंगाल व विपक्ष का अपमान हुआ : ममता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल (शासी परिषद) बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित हो रही है। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। सरकार की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, नीति आयोग की बैठक राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में पहुंची पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक का बहिष्कार किया। बैठक में कुछ समय हिस्सा लेने के बाद ममता बनर्जी बैठक से बाहर आ गई और केन्द्र सरकार पर क्षेत्रीय दलों तथा बंगाल का अपमान करने का आरोप लगाया। केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली से भी नीति आयोग की बैठक में कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



बोलने से रोका गया
माईक बंद किया गया



## क्राइम फाईल

### सुप्रीम कोर्ट के वकील के कमरे से सामान चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** अट्टा गांव में किराए पर रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता के कमरे में बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाश अधिवक्ता के कमरे से 40000 दो मोबाइल फोन आदि को चोरी कर ले गए।

थाना सेक्टर-20 में दर्ज कराई रिपोर्ट में अधिवक्ता सरवन कुमार शर्मा ने बताया कि वह अट्टा गांव की गली नंबर 2 में जगदीश अवाना के मकान में रह रहा है। 24 जुलाई को वह बाथरूम में नहाने के लिए गया था इस दौरान बदमाश किस्म के लड़के उसके कमरे में घुस आए और सूटकेस को चोरी कर फरार हो गए। सूटकेस में 40 हजार रुपए, दो मोबाइल फोन व जरूरी कागजात रखे हुए थे। उन्होंने सूटकेस में अपने इलाज के लिए पैसे जोड़कर रखे हुए थे।

### गायब हुई 3 किशोरियां

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के अलग-अलग स्थानों से तीन किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। एक किशोरी के पिता ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में किराए पर रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसने अपनी (12 वर्षीय) बेटी को किसी बात पर डांट दिया था। डांटने से नाराज होकर उसकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसने अपनी बेटी को तलाशने का प्रयास किया लेकिन कोई पता नहीं चला। मनोज ने मन्नू नामक लड़के पर अपनी बेटी के अपहरण का शक जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी बेटी अक्सर मन्नू से बात करती थी। इसी थाना क्षेत्र के सोरखा लेबर कैंप में रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी (15 वर्षीय) बेटी 19 जुलाई की सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

वहीं थाना फेस-2 क्षेत्र के इलाहाबास गांव में किराए पर रहने वाले प्रमोद (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी (15 वर्षीय) बेटी 23 जुलाई को घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाशने पर भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस के मुताबिक पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरियों की तलाश की जा रही है।

### कंपनी कर्मचारियों से लूटपाट

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बदमाशों ने दो व्यक्तियों से सोने की चेन व मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस दोनों मामलों को चोरी और छिनैती में दर्ज किया है। घिटोरनी दिल्ली निवासी विक्की शर्मा ने बताया कि अपने घर से सेक्टर-60 स्थित अपनी कंपनी जा रहा था। एचसीएल कंपनी के पास दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और उसकी सोने के चेन लूट ली। उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले को चोरी में दर्ज किया है।

वहीं थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में स्थित एक कंपनी से ड्यूटी खत्म कर वापस घर लौट रहे गगन तोमर से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल फोन लूट लिया। ग्रेटर नोएडा में रहने वाले गगन तोमर ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जेठ और ससुर रखते हैं बहु पर गंदी नजर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी में एक महिला ने अपने पति व ससुराल वालों के खिलाफ शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि उसके जेठ व ससुर उसे पर गलत निगाह रखते हैं।

दादरी क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रिया (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसका पति सोनेंद्र, सास राजबाला, ससुर श्रीचंद, जेठ गजेंद्र उसके साथ आए दिन मारपीट करते हैं। ससुर श्री चंद भाटी द्वारा उसे पिछले काफी समय से मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। महिला का आरोप है कि उसका ससुर शुरू से ही उस पर गंदी निगाह रखता था और कई बार एकांत में उसने उसके साथ छेड़छाड़ भी की। सामाजिक बदनामी के भय से उसने इसकी शिकायत नहीं की। 6 मार्च 2024 को की रात्रि में उसके पति सोनेंद्र, सास राजबाला, ससुर श्रीचंद, जेठ गजेंद्र ने उसके साथ मारपीट की और रात भर कमरे में बंद रखा। इस दौरान उसने किसी तरह फोन कर अपने भाई को अपने साथ हो रहे उत्पीड़न की जानकारी दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## डिवाइडर पर पड़ा मिला युवक का शव

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-110 में डिवाइडर पर एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं जिम्स अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराये गए एक व्यक्ति की मौत हो गई।

थाना फेसी-2 प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 110 में डिवाइडर पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। थाना प्रभारी के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 32 वर्ष के आसपास है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक की पहचान कराने के लिए आसपास के थाना क्षेत्र को अज्ञात शव मिलने की सूचना दे दी गई है।

वहीं थाना दादरी क्षेत्र के अजायबपुर गांव निवासी 60 वर्ष है सुनील की जिम्स अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई ।

## 'एनएमआरसी में निदेशक की नियुक्ति अवैध'

### नोएडा मेट्रो संयुक्त कर्मचारी संघ ने लगाया आरोप

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) में नियुक्ति तथा पदोन्नति को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप तेज हो रहे हैं। अभी हाल ही में निदेशक प्रोजेक्ट-1 के पद पर नियुक्त हुए पंकज कुमार की नियुक्ति पर नोएडा मेट्रो संयुक्त कर्मचारी संघ ने सवाल खड़ी किए हैं

कर्मचारी संघ का आरोप है कि एनएमआरसी में प्रतिनियुक्ति पर आए भारतीय इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी पंकज कुमार सिविल विभाग के महाप्रबंधक के पद पर हैं। उन्हें गलत तरीके से कार्मिक तथा वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। उन्होंने ऐसी पदोन्नति नीति बनाई जिसकी विरोध में एनएमआरसी के कर्मचारी पिछले 15-20 दिनों से लगातार विरोध कर रहे हैं।

कर्मचारियों का आरोप है कि एनएमआरसी के इतिहास में कभी भी विस्तार के लिए एक माह में दो बोर्ड बैठक नहीं की गई। पंकज कुमार ने कार्मिक विभाग का प्रभार होते हुए भी (शेष पृष्ठ-3 पर)



## एडवोकेट को पत्नी व उसके प्रेमी से जान का खतरा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 में एक एडवोकेट ने अपनी पत्नी व उसके आशिक पर उसे जान से मारने की साजिश रचने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। एडवोकेट ने आशंका जताई है कि उसकी पत्नी तथा उसका आशिक भविष्य में उसे जान से मार सकते हैं। सेक्टर-73 में रहने वाले प्रमोद एडवोकेट (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी पत्नी पूजा कनौजिया तथा उसका प्रेमी राधे मोहन दोनों मिलकर उसे जान से मारने की साजिश रच रहे हैं। दोनों सोशल मीडिया व्हाट्सएप तथा इंस्टाग्राम पर एक दूसरे के टच में रहते हैं और मोबाइल फोन पर लंबी बातें करते हैं। राधे मोहन ने चिकनी चुपड़ी बातों में उसकी पत्नी को फंसा रखा है जिस कारण वह अपनी पत्नी के लिए जो भी कुछ करता है उसे वह पसंद नहीं आता है। प्रमोद कुमार के मुताबिक अपनी पत्नी को खुश रखने के लिए वह उसे कश्मीर, नैनीताल, हरिद्वार तथा ऋषिकेश सहित अन्य जगहों पर घुमाने ले गया। वैवाहिक जीवन को बचाने के लिए उसने अपनी पत्नी पूजा के नाम एक प्लॉट भी खरीद लिया। इसके बावजूद भी वह लगातार अपने आशिक से बात करती रहती है। प्रमोद ने आशंका जताई है कि उसकी पत्नी पूजा तथा उसका आशिक दोनों मिलकर उसकी हत्या कर सकते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपो की जांच पड़ताल की जा रही है।

## शिव मंदिर से गार्ड ने चुराया दान पात्र

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के सुपरटेक इको विलेज में बने शिव मंदिर से दान पात्र चोरी हो गया। सीसीटीवी फुटेज में सिक्योरिटी गार्ड चोरी करता हुआ दिखाई दिया। आरोपी गार्ड को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

सुपरटेक इको विलेज में रहने वाली श्रुति मेहतानी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि डी-5 टॉवर में शिव मंदिर बना हुआ है। जिसमें दान पात्र भी रखा है। 24 जुलाई की शाम को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मंदिर का दान पात्र चोरी कर लिया गया। चोरी की जानकारी मिलने पर सोसाइटी वालों ने जब सीसीटीवी फुटेज देखी तो पता चला कि सोसाइटी में गार्ड की नौकरी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दो घरों से लैपटॉप, चार्जर जोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर चोरी की दो वारदातों को अंजाम दिया। चोर घरों में रखे दो लैपटॉप, चार्जर अन्य सामान को चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-49 में रहने वाले अरुण प्रकाश गैरोला ने बताया कि वह 26 जुलाई की रात्रि को करीब 1:00 बजे के आसपास सोया था। सुबह 5:00 बजे उसकी आंख खुली तो उसे कमरे का दरवाजा खुला हुआ मिला। कमरे में रखा लैपटॉप, हेडफोन, माउस, चार्जर गायब थे। चोर उसके साथ रहने वाले अभिषेक सिंह के भी लैपटॉप को चोरी कर ले गए। अरुण प्रकाश गैरोला ने थाना सेक्टर-49 में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जुआरियों को पकड़ा, बाइक-स्कूटी का चालान

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ताश की गड्डी, दांव पर लगे 5 हजार रुपए तथा 8 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों की बाइक व स्कूटी का भी चालान किया है।

थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सेक्टर-123 के डूब क्षेत्र में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापा मारकर धनेश और पिंटू देव, आकाश, सोनू यादव, अरविंद, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सेक्टर-18 में रोडरेज, पति को पीटा, पत्नी को दी गालियां

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-18 में परिवार के साथ खाना खाने आए एक व्यक्ति की गाड़ी में कुछ युवकों ने टक्कर मार दी। कार सवार युवक ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की और महिला के साथ दुर्व्यवहार किया। पीड़ित ने थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज कराया है।

तरुण कुमार सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 24 जुलाई को अपनी पत्नी और बेटी के साथ खाना खाने के लिए सेक्टर-18 आए थे। वह जैसे ही सेक्टर-18 स्थित गुरुद्वारे के पास पहुंचे तो पीछे से आई एक कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार से तीन लोग उतरे और जबरन उसे तथा उसकी पत्नी व बेटी को बाहर निकाल लिया। उसने जब इस बात का विरोध किया (शेष पृष्ठ-3 पर)




### राज्य सेतु निगम ने उठाया सवाल, नोएडा प्राधिकरण ने उप्र शासन को लिखा पत्र

## चिल्ला एलीवेटिड रोड के निर्माण पर लगे 'ब्रेक'

**नोएडा (चेतना मंच)।** अब फिर दिल्ली के चिल्ला से नोएडा एक्सप्रेसवे तक बनने वाले चिल्ला एलीवेटिड पर ब्रेक लगते नजर आ रहे हैं। इसकी लागत में करीब 150 करोड़ की वृद्धि पर पुन: उप्र सरकार की कैबिनेट से मंजूरी लेनी होगी। मंजूरी के बाद ही उप्र राज्य सेतु निगम इसका कार्य शुरू करेगा। इस गंभीर समस्या के मददेनजर नोएडा प्राधिकरण ने सेतु निगम के पत्र के मददेनजर शासन को पत्र लिखा है।

बता दें कि यूपी कैबिनेट से पिछले साल इस एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 787 करोड़ रुपए मंजूर हुए थे। लेकिन पूरा काम कराने में करीब 150 करोड़ रुपए अधिक खर्च होंगे। ऐसे में सेतु निगम ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखकर पूछा है कि अतिरिक्त 150 करोड़ रुपये कौन देगा। प्राधिकरण ने अभी कोई जवाब नहीं दिया है। ऐसे में फाइनल हुई एजेंसी के साथ अनुबंध करने की कार्रवाई सेतु निगम आगे नहीं बढ़ा रहा है।

सेतु निगम के अधिकारियों ने साफ कह दिया कि जब तक अतिरिक्त लागत कौन देगा, यह स्पष्ट नहीं हो जाता है तब तक इस परियोजना से जुड़ी प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसलिए अब प्राधिकरण ने शासन को पत्र लिखकर पूरी बात से अवगत कराया। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## डीएनडी पर एचसीएल कर्मी को मारी टक्कर

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-1 क्षेत्र के डीएनडी फ्लाईओवर लूप पर तेज गति में आ रही बलेनो कार ने एचसीएल कर्मी को टक्कर मार कर घायल कर दिया। वहीं थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में फॉर्च्यूनर कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर बैठी महिला घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गये।

### फॉर्च्यूनर ने बाइक में मारी टक्कर, महिला घायल

सुदर्शन पार्क नई दिल्ली निवासी नकुल सोढ़ी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका भाई नोएडा की एच सी एल कंपनी में काम करता है। 25 जुलाई की सुबह करीब 4:30 बजे (शेष पृष्ठ-3 पर)



# बजट का विरोध

विपक्ष ने बजट को दुराग्रही, भेदभावी और सत्यानाशी तक करार दिया है। अंतिम शब्द घोर 'असंसदीय' है। विपक्ष की सोच बेहद नकारात्मक लगती है। विपक्ष के समवेत आरोप हैं कि गैर-भाजपा शासित राज्यों को ठन-ठन गोपाल रखा गया है। उन्हें कुछ भी नहीं मिला। उनके हिस्से की राशि भी केंद्र सरकार जारी नहीं कर रही। ये भाजपा के राजनीतिक पूर्वाग्रह हैं, लिहाजा बजट संविधान-विरोधी, संघीय ढांचे के खिलाफ, राजनीतिक खुन्नस का बजट है। यह अन्यायपूर्ण है, किसान-गरीब विरोधी है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि आंध्रप्रदेश और बिहार की थालियों में पकौड़े-जलेबी परोसे गए हैं, शेष थालियां खाली हैं। करीब 90 फीसदी राज्यों को कुछ नहीं दिया गया। खड़गे जैसे वरिष्ठ और बुजुर्ग सांसद की यह टिप्पणी ही पूर्वाग्रही है, अतिरंजनापूर्ण है। उनसे सवाल है कि क्या इस तरह देश का आम बजट बनाया जा सकता है? यह संपूर्ण और राष्ट्रीय बजट राज्यों का निजी बजट नहीं है, बल्कि देश के संसाधनों और मंत्रालयों का हिसाब-किताब है। क्या यह भाजपा-एनडीए का घरेलू बजट है, जिसकी बंदरबांट कर ली गई? जहां तक बजट-भाषण में राज्यों के नाम का सवाल है, तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उप्र, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों का बजट-भाषण में उल्लेख तक नहीं किया। सरकार ने 'पूर्वोदय' योजना की घोषणा की है, जिसमें बिहार, बंगाल, ओडिशा, झारखंड, आंध्रप्रदेश आदि राज्यों को रखा गया है। बहरहाल जिन राज्यों का जिक्र हमने किया है, उनमें से अधिकतर भाजपा-एनडीए शासित हैं। वित्त मंत्री तो क्या, प्रधानमंत्री भी अपने ही पक्ष की थाली को खाली नहीं रख सकते। ऐसा नहीं किया जा सकता, यह विपक्ष भी जानता है, लिहाजा बजट के मुद्दे पर संसद परिसर में ही विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सांसदों का विरोध-प्रदर्शन, पोस्टरबाजी और नारेबाजी तथा दोनों सदनों से बहिर्गमन करना बेमानी है। आरोपों के पलटवार में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन योजनाओं का खुलासा किया है, जिनके लिए बजट में आवंटन किया गया है। वित्त मंत्री ने 76,000 करोड़ रुपए की बंदरगाह का उल्लेख किया है, जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। उसका उल्लेख बजट में करना अनिवार्य है, क्योंकि बंदरगाह के लिए राशि जारी होनी है। उप्र के संदर्भ में बुंदेलखंड के 7 जिलों में प्राकृतिक खेती, कुल 12 औद्योगिक पार्कों में से 2 पार्क उप्र में, 1000 से अधिक आईटीआई में से 100 से अधिकतर ऐसे संस्थानों को उप्र में ही अपग्रेड किया जाना है, इंटर्नशिप योजना में 2 लाख से अधिक युवा उप्र के, मुफ्त अनाज योजना में सर्वाधिक लाभार्थी उप्र के, प्रधानमंत्री पक्का घर योजना के नए चरण में सबसे अधिक मकान उप्र में बनेंगे, 20000 करोड़ का कर्ज ब्याज के बिना 50 साल की अवधि के लिए और 2.23 लाख करोड़ रुपए की हिस्सेदारी केंद्रीय टैक्स में आदि ऐसे विषय हैं, जिनका उल्लेख बजट में है। कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु पर भी विपक्ष के दावे ठीक नहीं हैं।

# किसान आंदोलन की समाधान राहें बातचीत से ही खुलेगी

मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में वित्त मंत्री ने सरकार की जिन 9 प्राथमिक्ताओं का जिक्र किया उसमें विकसित भारत लिये रोजगार, महंगाई नियंत्रण, कृषि, महिला-युवा विकास के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लिये पहली बार सकारात्मक सोच सामने आयी है। बावजूद इसके विपक्षी दल किसी न किसी बहाने उसका विरोध करते हुए संसद में हंगामा बरपा रहे हैं। सभी क्षेत्रों के लिये न्यायसंगत एवं विकास योजनाओं के बावजूद विरोध होना अतिश्योक्तिपूर्ण है। विपक्षी दल इस आरोप के सहारे बजट का विरोध कर रहे हैं कि उसमें अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। इस विरोध का आधार बिहार और आंध्र प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए विशेष घोषणाएं के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगों को लेकर किसी तरह की घोषणा न करने के मुद्दे हैं। विपक्षी दल किसान आन्दोलन को उग्र करने के प्रयास करेंगे। ऐसा इसलिये भी लग रहा है कि बुधवार को ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से नई दिल्ली में मुलाकात करने के बाद किसान नेताओं ने साफ भी कर दिया है कि दिल्ली मार्च का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। संसद सत्र जारी है, ऐसे में किसान आंदोलन को लेकर प्रतिपक्ष सरकार पर हमलावर होगा, एक बार फिर किसान आन्दोलन के उग्र से उग्रतर होने की संभावनाएं हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने किसान-आन्दोलन से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब-हरियाणा से सटे शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का औचित्यपूर्ण आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अहम है कि एक 'तटस्थ मध्यस्थ' की आवश्यकता है जो सरकार और किसानों के बीच विश्वास कायम कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। प्रश्न है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल न्यायालय के इस महत्वपूर्ण सुझाव को आकार देने की बजाय किसान-आन्दोलन को उग्र करने की मंशा रखते हुए अराजक माहौल ही क्यों बनाना चाहते है? क्यों अव्यवस्था फैलाने चाहते हैं? निश्चित ही शंभू बॉर्डर खोले जाने पर कानून-व्यवस्था को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह बात सही है कि शंभू बॉर्डर खोले जाने से आंदोलनरत किसानों के दिल्ली कूच की राह खुल सकती है। आंदोलनरत किसान संगठन पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जब भी सीमाएं खुलेंगी, किसान ट्रैक्टर ट्रोलियों के साथ दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के



**केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई-वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है।**

भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई-वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की समिति के जरिए बातचीत का जो प्रस्ताव दिया है उस पर सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। लेकिन दोनों पक्षों को ही आंदोलन खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से समाधान का रास्ता निकालने की पहल करनी होगी। किसान आंदोलन के उग्र रूप को भी यह देश देख चुका है, भारी नुकसान भी हुआ है। किसानों की समस्याएं अपनी जगह हैं और इनकी आड़ में होने वाली राजनीति अपनी जगह। वैसे भी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर समिति के गठन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार पहले ही दे चुकी है। यह बड़ा सच है कि बात करने से ही बात बनती है। बातचीत की हर संभावना का स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी आंदोलन का लंबे वक्त तक जारी रहना सचमुच चिंताजनक है। ऐसे आन्दोलन को उग्र करने की विपक्षी दलों की मानसिकता भी संदेहों एवं अविश्वासों से घिरी है। अच्छा हो कि विपक्षी दल एवं नेता प्रचार पाने के लिए विरोध की बेतुकी रस्म निभाने के बजाय बजट में कृषि क्षेत्र के लिये किये गये बड़े ऐलानों पर गौर करें। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए मौसम में बदलाव को बरदाश्त कर सकने वाली फसलों की प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए एग्रीकल्चर रिसर्च के बजट को भी बढ़ाया गया है।

विपक्षी पार्टियां लगातार किसानों एवं कृषि को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही हैं। कोई न कोई बहाना चाहिए विरोध का, अब किसान-आन्दोलन के सहारे अपनी राजनीति चमकाने की जुगत में देश का कितना नुकसान होगा, कहा नहीं जा सकता। जबकि भाजपा सरकार द्वारा भारतीय अर्थ-व्यवस्था की वृद्धि और विकास में कृषि की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इस बजट में कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया गया है। कृषि में उत्पादकता, किसानों के हितों एवं कृषि की सुदृढ़ता को बढ़ाना बजट द्वारा निर्धारित शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। उल्लेखनीय है कि बजट में जो नौ प्राथमिकताएं शामिल है, उनमें कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से खेती-किसानी की दशा-दिशा सुधरने की आस बढ़ी है। विभिन्न फसलों की प्रस्तावित 109 किस्मों से भी उत्पादकता में बढ़ोतरी की उम्मीद है। ये किस्में जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ रही प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं के विरुद्ध कवच का काम करेंगी। दलहन-तिलहन को प्राथमिकता, डिजिटल क्राप सर्वे के अतिरिक्त किसान उत्पादक संघों यानी एफपीओ एवं भंडारण और आपूर्ति श्रृंखला पर ध्यान देने जैसे उपाय उपज को पहुंचने वाले नुकसान को घटाने एवं कीमतों में स्थायित्व सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ की बड़ी राशि आवंटित की गई है। भले ही सरकार ने सीधे तौर पर बजट में किसानों की आय बढ़ाने और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित न किए जाने से किसानों को निराशा हुई हो लेकिन बजट में तिलहन में आत्मनिर्भरता, सब्जी उत्पादन केन्द्र विकसित करने और खेती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात कही गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बजट से आने वाले समय में एग्रीकल्चर सेक्टर की विकास की रफ्तार बढ़ाने में मदद मिलेगी जो सीधे तौर पर किसानों की आय भी बढ़ायेगा एवं उन्नत कृषि को प्रोत्साहन भी देगा।

असल में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगें राजनीतिक मुद्दे बन गये हैं, जिनके चलते हो रहा आन्दोलन न केवल किसानों के बल्कि आम जनता के लिये भी परेशानी का सबब है। जबकि सरकार ने धान का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए एमएसपी को बढ़ा कर 2300 कर दिया है जो स्वागत योग्य कदम है। उम्मीद थी की सरकार एमएसपी पर खरीद को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाएगी। लेकिन बजट में इस तरह का कोई प्रावधान न होने से काफी निराशा हुई है। दुनिया भर के विकसित देश अनिवार्य रूप से किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदते हैं। लेकिन भारत में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। विपक्षी दल किसानों के हित में आन्दोलन की बजाय बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़े। स्तरीय विरोध हो, किसानों को गुमराह करने एवं उनका मनोबल कमजोर करने के लिये विपक्षी दल उजालों पर कालिख न पोते, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावनाएं है।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वे ( श्री रामजी ) मेरी ( बिगड़ी ) सब तरह से सुधार लेंगे, जिनकी कृपा कृपा करने से नहीं अघाती। राम से उत्तम स्वामी और मुझ सरीखा बुरा सेवक! इतने पर भी उन दयानिधि ने अपनी ओर देखकर मेरा पालन किया है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**लोकहुँ बेद सुसाहिब रीती। बिनय सुनत पहिचानत प्रीती॥**
**गनी गरीब ग्राम नर नागर। पंडित मूढ़ मलीन उजागर॥**

लोक और वेद में भी अच्छे स्वामी की यही रीति प्रसिद्ध है कि वह विनय सुनते ही प्रेम को पहचान लेता है। अमीर-गरीब, गँवार-नगर निवासी, पण्डित-मूर्ख, बदनाम-यशस्वी॥

**सुकबि कुकबि निज मति अनुहारी। नृपहि सराहत सब नर नारी॥**
**साधु सुजान सुसील नृपाला। ईस अंस भव परम कृपाला॥**

सुकवि-कुकवि, सभी नर-नारी अपनी-अपनी बुद्धि के अनुसार राजा की सराहना करते हैं और साधु, बुद्धिमान, सुशील, ईश्वर के अंश से उत्पन्न कृपालु राजा-॥

**सुनि सनमानहिं सबहि सुबानी। भनिति भगति नति गति पहिचानी॥**
**यह प्राकृत महिपाल सुभाऊ। जान सिरोमनि कोसलराऊ॥**

सबकी सुनकर और उनकी वाणी, भक्ति, विनय और चाल को पहचानकर सुंदर (मीठी) वाणी से सबका यथायोग्य सम्मान करते हैं। यह स्वभाव तो संसारी राजाओं का है, कोसलनाथ श्री रामचन्द्रजी तो चतुरशिरोमणि हैं॥

(क्रमशः..)

# कारगिल विजय में टोलोलिंग-हम्प की कहानी

भारतवर्ष का मुकुट कहे जाने वाले हिमालय के आंचल में बसे हिमाचल प्रदेश का सांस्कृतिक व सामरिक दृष्टि से विशेष महत्व है। देवों की भूमि होने के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश वीरों की भूमि भी रहा है। हमेशा से यहां के बेटों ने भारत मां की रक्षा में अपना योगदान दिया है। यहां के हर एक गांव में शूरवीरों की शौर्य गाथा के किस्से-कहानी हर बच्चे की जुबान पर होते हैं और यही कहानियां बच्चों को शौर्य पथ पर चलने की प्रेरणा देती हैं। यही कारण है कि हिमाचल की जनसंख्या का एक बड़ा भाग भारतीय सशस्त्र सेनाओं और अर्ध सैनिक बलों में कार्यरत है। वर्तमान में भारत की सशस्त्र सेनाओं में हर 13 सैनिक में से एक सैनिक हिमाचल की भूमि से आता है। स्वतंत्रता से अभी तक चार परमवीर चक्र भी हिमाचल प्रदेश से ही है। इन किस्से कहानियों में से एक बड़ी महत्वपूर्ण कहानी है कारगिल युद्ध की। इसी कारगिल युद्ध में हिमाचल प्रदेश के दो वीरों, कैप्टन विक्रम बत्रा और सिपाही संजय कुमार ने परमवीर चक्र का सर्वोच्च सम्मान अर्जित किया था। आज हमारा राष्ट्र कारगिल विजय के 25 साल पूरा होने पर रजत जयंती मना रहा है। हर वर्ष 26 जुलाई को मैं दराज कारगिल में जाकर शहीदों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। आज से 25 वर्ष पूर्व सन् 1999 में पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत के भरोसे की हत्या की थी और कारगिल, दराज और बटालिक के इलाकों में घुसपैठ करके अपना कब्जा कर लिया था।




जैसे ही भारतीय सेना को इसका आभास हुआ, तभी से घुसपैठियों को मार भगाने की कवायद शुरू हो गई। उस समय किसी ने यह नहीं सोचा था कि यह कवायद एक भीषण युद्ध की शुरुआत है। मेरी यूनिट 18 ग्रेनेडियर, जिसका मैं कमान अधिकारी था, उन दिनों कश्मीर घाटी के मानसबल इलाके में तैनात थी। वहां पर आए दिन हमारी आतंकवादियों से मुठभेड़ होती थी। तैनात होने के कुछ ही दिनों में हमने 19 आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया था। तभी हमें हमारे उच्च अधिकारियों से आदेश मिला कि पलटन को तुरंत दराज मूव करना है। दराज सेक्टर में दुश्मन ने टोलोलिंग, टाइगर हिल और मास्को घाटी में सभी महत्वपूर्ण चोटियों पर अपना कब्जा जमा लिया था और दुश्मन लेह, लद्दाख व सियाचीन ग्लेशियर की लाइफ लाइन कहे जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सेना के मूवमेंट को बाधित कर रहा था। 18 ग्रेनेडियर को टास्क मिला कि टोलोलिंग की सभी चोटियों को हर कीमत पर दुश्मन से मुक्त कराया जाए। हमने एक बेहतर रणनीति के साथ टोलोलिंग पर बैठे दुश्मन पर धावा बोल दिया। उस समय दुश्मन की तादाद और उसकी तैयारी के विषय में सटीक सूचना का अभाव था। साथ ही हाई एल्टीट्यूड की लड़ाई लडने के लिए जरूरी साजो-सामान और दूसरे सैनिक दस्तों, विशेषकर आर्टिलरी का बेहद अभाव था। यही कारण था कि हर दिन हमारा नुकसान हो रहा था। परंतु 18 ग्रेनेडियर के जांबाजों ने इन सभी विषम परिस्थितियों के बावजूद अपने हौसलों को मजबूत रखा और अपने प्राणों की परवाह किए बिना दुश्मन पर लगातार हमले करते रहे। 22 मई को शुरू हुआ यह हमला 14 जून तक चला और इन 24 दिनों में हम सभी कठिन व दुर्गम चढ़ाई, खराब मौसम और दुश्मन की लगातार हो रही भीषण गोलाबारी का सामना करते रहे। इस लड़ाई में मेजर राजेश सिंह अधिकारी ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। एक हमले के दौरान, जिसे मैं स्वयं लीड कर रहा था, मेरे उपकमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आर. विश्वनाथन को गोली लगी और उन्होंने मेरी ही गोद में दम तोड़ दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल आर. विश्वनाथन को उनके अदम्य साहस के लिए वीर चक्र से सम्मानित किया गया। अंततः 12 जून को हमने 2 राजपूताना राइफल्स के साथ मिलकर टोलोलिंग की चोटी पर तिरंगा फहरा दिया और साथ ही 14 जून को हम्प की महत्वपूर्ण चोटी पर विजय हासिल की।

टोलोलिंग की लड़ाई में हमारे दो अधिकारी, दो सूबेदार और 21 जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। 18 ग्रेनेडियर के शौर्य को देखकर सेना के उच्च अधिकारियों ने एक बार फिर हमें एक और महत्वपूर्ण जिम्मा सौंपा और यह था दराज सेक्टर की सबसे महत्वपूर्ण चोटी टाइगर हिल पर कब्जा करना। मैं और मेरी टीम एक बार फिर अपनी तैयारी में जुट गए। हमने टाइगर हिल का हरसंभव दिशा से रीकोनोसेन्स किया और सभी टुकड़ियों के कमांडरों के सुझाव को शामिल करते हुए एक बेहद सटीक रणनीति बनाई। तीन जुलाई की रात को हमने टाइगर हिल पर चौतरफा हमला बोल दिया और सबसे कठिन रास्ते को चुना। जिस तरफ से जाना नामुमकिन था, हमारी कंपनी और घातक प्लाटून ने टॉप पर पहुंचकर दुश्मन को एकदम भौंचक्का कर दिया। पूरी रात एक भीषण घमासान युद्ध हुआ और हम टाइगर हिल टॉप पर अपना फुटहोल्ड बनाने में सफल हुए। इसके बाद हमने लगातार हमले जारी रखे और 8 जुलाई को हमने पूरे टाइगर हिल पर विजय पताका फहरा दी। इस लड़ाई में ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव की शौर्य गाथा आज हर बच्चा जानता है जिसके लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। इस लड़ाई में हमारी यूनिट के नौ नौजवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया।

लेफ्टिनेंट बलवान सिंह को महावीर चक्र से और कप्तान सचिन निंबालकर को वीर चक्र से नवाजा गया। कारगिल की लड़ाई में 18 ग्रेनेडियर ने कई शौर्य पदक जीतकर अपने आप में एक कीर्तिमान बनाया। जैसे ही टाइगर हिल पर हमने विजय पताका फहराई, उधर दूसरी तरफ पाकिस्तान की सेना में खलबली मच गई। पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ युद्धविराम की गुहार लगाने अमरीका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के पास भागे। परंतु हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने साफ कह दिया कि जब तक पाकिस्तान के आखिरी घुसपैठिए को हम भारत की सीमा से नहीं खदेड़ देते, युद्धविराम का सवाल ही नहीं उठता। कारगिल के इस युद्ध में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के 527 रणबांकुरों को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी, जिनमें 52 योद्धा हमारे हिमाचल प्रदेश के थे। कारगिल की लड़ाई से एक बार फिर साबित हो गया था कि भारत एक शांतिप्रिय देश है, लेकिन अगर दुश्मन हमारी तरफ आंख उठाएगा तो भारत की सशस्त्र सेनाएं उस दुश्मन को सबक सिखाने के लिए हमेशा मुस्तैद हैं।

**ब्रिगेडियर खुशहाल ठाकुर**
**पूर्व सैन्य अधिकारी**

# राशिफल

**श्रावण कृष्ण पक्ष : सप्तमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य की स्थिति पहले से बेहतर होगी। धन का आवक बढ़ेगा। प्रेम की स्थिति सुदृढ़ होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे , वो)**
चली आ रही परेशानी दूर होगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा। व्यापार भी बहुत अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम रहेगा। प्रेम संतान ठीक रहेगा, व्यापार भी अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
रुका हुआ धन वापस आएगा। आय के नवीन साधन बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आय में सुधार होगा।

**सिंह- (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
यात्रा में लाभ होगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान, व्यापार सबकुछ बहुत अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**
महत्वपूर्ण कार्य दोपहर से पहले निपटा लें, इसके बाद समय खराब हो जाएगा। चोट-चपेट लग सकती है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार अच्छा है। लेकिन थोड़ी परेशानी बनी रहेगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भावुकता पर काबू रखें। स्वास्थ्य करीब-करीब ठीक है। प्रेम संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम रहेगी लेकिन खराब नहीं रहेगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। प्रेम कलह के संकेत हैं लेकिन कुछ अच्छा माहौल भी रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, थ, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान का साथ।

# समाजवादी पार्टी ने की संविधान मान स्तम्भ स्थापना पर चर्चा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सूरजपुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर संविधान मान स्तम्भ स्थापित करने को लेकर चर्चा की गई। 26 जुलाई आरक्षण का अधिकार दिवस के रुप में मानते हुए पार्टी के लखनऊ मुख्यालय पर संविधान मान स्तंभ की स्थापना की गई। जोकि सभी जनपदों में पार्टी मुख्यालय पर संविधान मान स्तंभ की स्थापना की जानी है। जिसको जिसको लेकर बैठक में आज विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि आरक्षण दिवस 26 जुलाई को समाजवादी पार्टी ने संविधान-मानस्तंभ के स्थापना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लिया गया है। क्योंकि इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फुले जी द्वारा संकल्पित आरक्षण को पहली बार अपने राज्य में लागू करके शुभारंभ किया था।सामाजिक न्याय की भावना को आरक्षण के रूप में इसी दिन अमल में लाया गया था। जो आगे चलकर बाबासाहब भीमराव अंबेडकर जी के प्रयासों से हमारे संविधान में एक जनाधिकार के रूप में सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने का आधार बना। जिससे इस देश में शोषितों, वंचितों, पिछड़ों को अधिकार एवं सम्मान मिला। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में सभी को बराबरी का अधिकार दिया है और पिछड़े, शोषित, वंचितों के लिए आरक्षण की व्यवस्था कर उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया है, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार की मंशा संविधान को बदलकर जनता से उनके अधिकारों को छीनने की है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी देश के संविधान की रक्षा के लिए संकलित है और किसी भी परिस्थिति में संविधान विरोधी ताकतों को संविधान से छेड़छाड़ नहीं करने दी जाएगी। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भाटी ने कहा कि आज भाजपा निजीकरण को बढ़ावा दे सरकारी संस्थानो से आरक्षण व्यवस्था खत्म करना चाहती है। समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। पीडीए को अधिकार तब ही मिलेंगे जब उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा।



इस मौके पर मुख्य रूप से वीरसिंह यादव, फकीरचंद नागर, इंद्र प्रधान, डॉक्टर महेंद्र नागर, कृष्णा चौहान, मनोज भाटी, युनस प्रधान, सुनीता यादव, कपिल ननका, डॉ रोहित मत्ते गुर्जर, अकबर खान, डॉ शशि यादव, मेंहदी हसन, श्याम सिंह भाटी, उपदेश नागर, रविन्द्र यादव, सुनील भाटी, दीपक नागर, कुंवर नादिर अली, मोहित नागर, सीपी सोलंकी, प्रशांत भाटी, अनीता चौहान, विनीत यादव, जितेन्द्र अग्रवाल, लखन यादव, कुलदीप भाटी, संजीव नागर, प्रतीक भाटी, वकील सिद्दकी, प्रेमपाल रावल, महेश जाटव, शादाब हुसैन, पवन जोगी, अनीस अहमद, नन्हें सिद्दकी, मुरारीलाल गौतम, देवेंद्र गौतम, धारा चौहान आदि मौजूद रहे।

## वक्फ बोर्ड की जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा, प्रशासन मौन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कस्बा दनकौर में वक्फ बोर्ड की जमीन माफियाओं ने कब्जा कर लाखों रुपए में



लोगों को बेंच दिया जिसमें मकान, फ्लैट व बड़ी-बड़ी कोठियां बननी शुरू हो गई हैं।

जब इस संबंध में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष जफर फारुकी से बात करने की कोशिश की तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। वक्फ बोर्ड की जमीन को भू-माफियाओं से बचाने के लिए प्रशासन के अफसर भी आगे नहीं आ रहे हैं।

## लॉकअप में कोबरा का वीडियो बनाने वाला पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

गाजियाबाद। अगर आपको याद हो तो एक महीने पहले गाजियाबाद क्षेत्र के एक थाने के लॉकअप का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में थाने के लॉकअप के अंदर एक कोबरा साँप दिख रहा था। वायरल वीडियो से गाजियाबाद पुलिस व्यवस्था की पोल खुल गई थी। अब गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने इस मामले में बड़ी कार्यवाही की है।

आपको बतादे की यह पूरा मामला गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थाने का है। जहां बीते 11 जून को पुलिस लॉकअप के अंदर कोबरा साँप घुस आया था । कोबरा साँप को देखते ही पूरे पुलिस स्टेशन में हड़कंप मच गया। ग़नीमत रही कि उस समय लॉकअप के अंदर कोई नहीं था। पुलिस ने कोबरा साँप की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी और समय रहते ही वन विभाग के अधिकारियों ने आकर साँप को पकड़ लिया।

पुलिस लॉकअप में घुस आए कोबरा साँप को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के एक सिपाही ने अपने फ़ोन में वीडियो बनाकर क़ैद कर लिया। पुलिसकर्मी ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर डाला और देखते ही देखते ये वीडियो वायरल हो गई। वायरल वीडियो में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की व्यवस्था की पोल खुल गई।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के एक अधिकारी ने बताया कि लॉकअप में घुसे कोबरा साँप की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने से पुलिसकर्मी ने थाने की गोपनीयता भंग की है। पुलिसकर्मी का ऐसा करना थाने की गोपनीयता को मद्देनज़र के मद्देनज़र उचित नहीं है। इसलिए पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर करने का फ़ैसला लिया गया है।

# जिलाश्रम बंधु की हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला श्रम बंधु की बैठक जिला कलेक्ट सभागार सूरजपुर में संपन्न हुई। बैठक में श्रमिक प्रतिनिधियों ने श्रमिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

बैठक की जानकारी देते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि बैठक में श्रमिक प्रतिनिधियों ने श्रमिकों की शिकायतों के समाधान में हो रही देरी की वजह से न्याय मिलने में हो रही दिक्कतों व जिन श्रमिकों के केशों में सुनवाई के बाद रिकवरी जारी हो चुकी है लेकिन उक्त की वसूली में हो रही देरी पर आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही श्रम कानूनों को शक्ति से लागू करवाने पर जोर दिया गया, ईएसआई अस्पताल में व्याप्त अनियमिताओं और श्रमिकों को उचित इलाज नहीं मिलने का मुद्दा भी प्रमुखता से बैठक में उठाया गया।




बैठक में जिला प्रशासन की ओर से एडीएम एफ आर अतुल, अपर श्रम आयुक्त गौतमबुधनगर सरजू राम, सहायक श्रमायुक्त सुभाष यादव ने श्रम बंधु के सदस्यों को आश्वासन दिया की बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर उचित कार्रवाई कर समाधान किया जाएगा।

बैठक में सीटू जिला महासचिव रामसागर, सचिव राम स्वारथ, नरेंद्र पांडे, जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, एचएमएस नेता आर पी सिंह चौहान, एटक नेता मोहम्मद नईम, एक्टू नेता अमर सिंह, बीएमएस नेता सुरेंद्र प्रजापति आदि ने हिस्सा लिया।

# समाज कल्याण अधिकारी को दी भावभीनी विदाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पटेल लोक संस्कृत संस्थान के प्रक्षागृह में जनपद गौतमबुद्धनगर के समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह को भावभीनी विदाई की गई।

इस समारोह का आयोजन पटेल लोक संस्कृति संस्थान के अध्यक्ष व ख्याति प्राप्त लोक कलाकार ब्रह्मपाल नागर ने किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, गौरव नागर, महेश भाटी, लेखराज मैनेजर व संस्थान के संरक्षक राजकुमार नागर भी मौजूद थे।

इस मौके पर राजकुमार भाटी ने कहा कि अधिकारी जब जनपद से विदा होता है तो उसे ताली मिलती है या गाली। आज ताली बजाकर शैलेन्द्र बहादुर सिंह का हम सभी सम्मान कर रहे हैं वह इस बात का प्रतीक है कि शैलेन्द्र बहादुर सिंह ने अपनी सेवा के साथ-साथ समाज की भी काफी सेवा की है। इसलिए हम सब आज उनकी विदाई समारोह पर दु:ख महसूस कर रहे हैं।




इस मौके पर शैलेन्द्र बहादुर सिंह ने अपनी संबोधन में संकल्प लिया कि मैं जहां भी जाऊंगा जनता के हित में अपनी सेवाएं निरंतर करता रहूंगा। किसी भी शोषित, पीड़ित के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा।

इस मौके पर जयवीर भाटी, नकुल नागर, गौरव नागर ने शैलेंद्र बहादुर सिंह को शॉल ओढ़ाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मपाल नागर ने शैलेन्द्र बहादुर सिंह के लिए स्वयं लिखा गीत समर्पित किया। इस समारोह में नोएडा तथा जनपद गौतमबुद्धनगर की कई लोग मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**बंगाल व विपक्ष का अपमान....**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 9वीं बैठक जारी है। बैठक में शामिल होने पहुंची ममता बनर्जी बड़ा आरोप लगाते हुए बीच में ही बैठक छोड़कर बाहर निकल आई हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया और पांच मिनट में उन्हें स्टॉप कर दिया गया।

राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में हो रही बैठक से निकलने के बाद ममता बनर्जी ने कहा, 'मुझे केवल 5 मिनट के लिए बोलने की अनुमति दी गई जबकि मुझसे पहले अन्य लोगों ने 20 मिनट तक बात की, मैंने अपना विरोध दर्ज कराया और मैं बाहर आ गई'।

ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने कहा योजना आयोग को वापस ले आइए, मैंने कहा बंगाल को फंड दीजिए और आप भेदभाव मत कीजिए. मैंने बोला जब केंद्र सरकार चलाते हैं तो सारे राज्यों का सोचना चाहिए. मैं सेंट्रल फंड के बारे में बता रहा थी कि इसे पश्चिम बंगाल को नहीं दिया जा रहा है, तभी उन्होंने मेरा माइक म्यूट कर दिया. मैंने कहा कि विपक्ष से मैं ही बैठक में भाग ले रही हूं, आपको खुश होना चाहिए, इसके बजाय आप अपनी पार्टी और सरकार को अधिक वरीयता दे रहे। यह न केवल बंगाल का अपमान है, बल्कि सभी क्षेत्रीय दलों का भी अपमान है. ये तो मेरा भी अपमान है।

**इन राज्यों के सीएम बैठक में नहीं हुए शामिल**

बता दें कि इंडिया ब्लॉक के कई मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक का बहिष्कार किया है। इस बीच, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, केरल के मुख्यमंत्री और सीपीआई (एम) नेता पिनाराई विजयन, पंजाब के सीएम भगवंत मान और सभी तीन कांग्रेस मुख्यमंत्रियों- कर्नाटक के सिद्धारमैया, हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी सहित कई विपक्षी मुख्यमंत्रियों (सीएम) ने नीति आयोग की अहम बैठक का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। इसके अलावा एनडीए के सहयोगी नीतीश कुमार भी बैठक में नहीं पहुंचे है और इसकी वजह अभी सामने नहीं आई है।

**चिल्ला एलीवेटिड रोड के.....**

6 जून-2023 को हुई यूपी कैबिनेट की बैठक में चिल्ला एलिवेटेड रोड परियोजना को मंजूरी दी गई थी। मंजूरी के तहत इस परियोजना पर 787 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें आधा पैसा यूपी सरकार देगी जबकि आधा खर्च नोएडा प्राधिकरण वहन करेगा।

निर्माण के लिए टेंडर सेतु निगम जारी करवाएगा। जबकि निगरानी का जिम्मा नोएडा प्राधिकरण के पास रहेगा। इसके बाद सेतु निगम की तरफ से जारी किए गए दूसरे टेंडर में 5 एजेंसी आई थी। निर्माण एजेंसी जो फाइनल हुई उसने 624 करोड़ रुपये टेंडर लागत लगाई। करीब तीन साल पहले काम चलते समय प्राधिकरण ने 70 करोड़ रुपये खर्च कर दिए थे। लेकिन तब शासन से आधा बजट न मिलने से काम रुक गया था। अब प्राधिकरण ने 70 करोड़ रुपये को भी परियोजना में जोड़ दिया है। इसके साथ ही सेंटेज, जीएसटी, 5 प्रतिशत प्रति साल निर्माण लागत वृद्धि शामिल है। इस हिसाब से इस परियोजना पर 900 करोड़ रुपए का खर्चा आने का अनुमान है।

**कंपनी कर्मचारियों से....**

पुलिस को बताया कि वह 25 जुलाई की सुबह ड्यूटी खत्म कर अपने घर जा रहा था। सेक्टर-7 स्थित टेक महिंद्रा कंपनी के पास बाइक सवारों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**डीएनडी पर एचसीएल कर्मी....**

उनका भाई ड्यूटी खत्म कर स्कूटी से वापस घर आ रहा था डीएनडी फ्लाईओवर लूप पर एक बलेनो कार के चालक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। नकुल सोनी ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना फेस वन पुलिस डीएनडी पर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाल कर आरोपी कार चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

सोरखा गांव निवासी नितिन राघव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने गांव से बिसाहडा दादरी बाइक से जा रहा था। बाइक के पीछे उसकी बड़ी बहन बैठी हुई थी खैरपुर गोल चक्कर से एटीएस की तरफ वाले रोड पर पीछे से तेज गति में आ रहे फॉर्च्यूनर कार के चालक में उसकी बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगने से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उसकी बहन घायल हो गई हादसे के बाद फॉर्च्यूनर कार चालक मौके से फरार हो गया।

**सेक्टर-18 में रोडरेज,....**

तो तीनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। उसकी पत्नी व बेटी ने जब उसे बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उन्हें गलत इशारे करते हुए भद्दी-भद्दी गालियां दी। इस दौरान उन्होंने पुलिस को फोन किया जिस पर आरोपी अपनी गाड़ी में बैठकर भाग गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए कर नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

**शिव मंदिर से गार्ड ने ....**

करने वाले प्रियांशु ने दान पात्र चोरी किया है। गार्ड जब ड्यूटी करने सोसाइटी में आया तो लोगों ने उससे पूछताछ की। प्रियांशु ने दान पात्र चोरी करने की बात स्वीकार ली। इसके बाद उसे थाना बिसरख पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में गार्ड प्रियांशु ने चोरी की बात स्वीकार की है इसके पास से दान पात्र भी बरामद हो गया है।

**दो घरों से लैपटॉप....**

वहीं थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव स्थित आर्य अपार्टमेंट में रहने वाले अमितेश नवल बिहारी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने साथी अनीश कुमार के साथ किराए पर रह रहा है। 25 जुलाई की सुबह जब सो कर उठा तो उसे रसोई की खिड़की खुली हुई मिली। कमरे में रखा उसका लैपटॉप, ऑफिशियल आईडी कार्ड, चार्जर आदि गायब था। पीड़ित के मुताबिक चोर रसोई की खिड़की के रास्ते उनके कमरे में घुसा और चोरी कर फरार हो गया।

**जुआरियों को पकड़ा....**

अजय, अरुण, सचिन, विवेक व रशीद को दबोच लिया। मौके से तांश की गड्डी व दांव पर लगे 5 हजार रुपए बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। मौके पर मौजूद जुआरियों की बाइक व स्कूटी का एमवी एक्ट के तहत चालान किया गया हैं। बताया जाता है कि जुआरियों के पकड़े जाने के बाद कई लोगों ने इन्हें छुड़ाने की सिफारिश भी की।

**जेठ और ससुर रखते हैं ....**

7 मार्च की सुबह उसका भाई उसे लेने ससुराल आ गया। ससुराल वालों ने उसके भाई के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की और उसे भेजने से इनकार कर दिया।

ससुराल वालों ने उसके भाई की कार में भी तोड़फोड़ की। उसने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। कोर्ट चौकी में पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर उसे ससुराल जाने की सलाह दी। लेकिन जेठ गजेंद्र उसे लगातार धमकता रहा। महिला का आरोप है कि उसका जेठ दिल्ली पुलिस में कार्यरत है। इस कारण वह अक्सर उसे तथा उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवाने की धमकी देता है। इस घटना के बाद वह अपने मायके चली आई इसके बावजूद भी उसे धमकियां दी जा रही हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ उत्पीड़न, छेड़छाड़, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**'एनएमआरसी में निदेशक की....**

निदेशक परियोजना की भर्ती निकाल दी तथा कम अहर्ता व अनुभव होने के बावजूद भी स्वयं निदेशक पद पर नियुक्त हो गए। जबकि पीएसयू में महाप्रबंधक का पद निदेशक के पद से तीन स्तर नीचे होता है। सामान्यत: कोई महाप्रबंधक सीधे निदेशक नहीं बन पाता है। लेकिन एनएमआरसी में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण नियम व कायदों को ताक पर रखकर नियुक्तियां तथा पदोन्नति की जा रही है जो पूरी तरह अवैध है।

## मोबाइल लुटेरे व दुकानदार गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बाइक पर सवार होकर राहगीरों से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो लुटेरों को थाना सेक्टर 58 पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए लुटेरों से लूट व चोरी के मोबाइल खरीदने वाले दुकानदार को भी दबोच लिया इनके पास से 10 मोबाइल फोन तथा 56 मोबाइल के फोल्डर बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम एनालिसिस कंपनी के सामने चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि मोबाइल छिनैती की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाश सेक्टर 60 की ग्रीन बेल्ट के पास खड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने टीवीएस स्पोर्ट्स बाइक पर बैठे चतुरानंद पांडे तथा सुमित चौहान को दबोच लिया। इनके पास से मोबाइल फोन बरामद हुआ पकड़ा गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह मोबाइल फोन सेक्टर-60 में पैदल जा रहे एक व्यक्ति से छीना था। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि वह छीने गए तथा चोरी किए गए मोबाइल फोन को खोड़ा कॉलोनी में आयशा मोबाइल शॉप के संचालक आफाक हुसैन को बेचते हैं। इसके बाद पुलिस ने आफत हुसैन को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से चोरी के 10 मोबाइल फोन तथा 56 मोबाइल के फोल्डर बरामद हुए अफाक हुसैन ने बताया कि उसने हाल ही में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान खोली थी कम मुनाफा होने के चलते वह दोनों आरोपियों से छीने गए मोबाइल फोन को सस्ते दामों में खरीद कर उनके पार्ट्स को दुकान पर सही होने होने आए दूसरे मोबाइल में डालकर मुनाफा कमाता था।

# ओयो होटल में युवती के साथ बलात्कार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र में युवती को मिलने के बहाने बुलाकर ओयो होटल में उसके साथ बलात्कार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती का आरोप है कि कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ खिलाकर ओयो होटल में पूरी रात उसके साथ बलात्कार किया गया। गाजियाबाद निवासी युवती ने दो युवकों के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया है।

गाजियाबाद की रहने वाली पूनम (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी ग्राम कुरावली थाना खानपुर जनपद बुलंदशहर निवासी आकाश के साथ जान पहचान थी। आकाश ने 12 जुलाई को फोन कर उसे दादरी बुलाया। वह बस के जरिए गाजियाबाद से दादरी पहुंची जहां पर आकाश उसे एसजेएस ओयो होटल में ले गया। आकाश ने उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला दी जिसके बाद वह बेहोश हो गई। आरोपी ने उसके साथ रात भर बलात्कार किया। सुबह आकाश ने कहा कि उसके पास पैसे खत्म हो गए हैं और वह पैसे लेने जाएगा। आकाश जबरन उसके गले की चेन व अंगूठी अपने साथ ले गया। तीन दिनों तक वह होटल में अकेली रही। तीन दिन बाद उसके पास ग्राम जटपुरा निवासी राजीव पहुंचा और उसे ओयो होटल से तिलपता के एक पीजी हॉस्टल में ले आया। यहां पहले से ही आकाश मौजूद था। आकाश ने यहां पर भी उसके साथ चार दिनों तक बलात्कार किया इसके बाद राजीव ने उसे एक नशीली गोली खिला दी। नशे की हालत में राजीव, आकाश उसे कार में बैठकर घूमते रहे। पीड़िता के मुताबिक दोनों आरोपी उसे नेपाल में बेचने की योजना बना रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं:- **क्र सं०:-1, निविदा सूचना संख्या:-** ई-निविदा-एल-17- 24-25, **कार्य का नाम (हिन्दी):-** वाराणसी मंडल में रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न क्षमताओं के सौर संयंत्रों (रुफ टॉप) का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (रु.):-** 64422179.95, **अमानत राशि (रु.):-** 472100.00, **कार्य समापन का समय:-** 180 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समय:-** 20.08.2024 14:30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-** 20.08.2024 14:30 बजे, • उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजिनियर/सामान्य मुजाधि/विद्युत-96 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं. 5220242025 दिनांक : 22.07.2024

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/प्रयागराज निम्नलिखित कार्य हेतू ऑनलाइन (ई-टेण्डेरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** 5220242025-134 GEM/2024/B/5192135 Dated - 22.07.2024

**कार्य का नाम :** दो (02) वर्षों के लिए एसएसई/वर्क्स/यातायात, एसएसई/वर्क्स/डीएसए और एसएसई/वर्क्स/अस्पताल, प्रयागराज के अनुभाग में सेवा भवनों, अधिकारी के बंगले, कर्मचारी क्वार्टरों के रखरखाव की द्वि-वार्षिक सेवा प्रदान करना। • **अनुमानित लागत (रू में) :** Rs. 1,29,26,975.20 • **अमानत राशि (रू में) :** 2,14,630.00 • **निविदा बंद होने की तिथि : 12.08.2024 को 15:00 बजे** • **कार्य समापन की अवधि : 24 माह** • **कार्य की प्रकृति :** कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य।

**नोट :** (1) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट https://gem.gov.in पर देखें **1300/24 (C)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**विशेष रेलगाड़ी-2024**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जायेगी :-

**05219/05220 मुज़फ़्फ़रपुर - आनंद विहार (ट) - मुज़फ़्फ़रपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** | 314 फेरे

| गाड़ी सं. 05219 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05220 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:30 | मुज़फ़्फ़रपुर | 00:45 | --- |
| 14:30 | 14:35 | हाजीपुर जं. | 23:22 | 23:27 |
| 14:45 | 14:47 | सोनपुर जं. | 23:10 | 23:12 |
| 15:40 | 15:50 | पाटलिपुत्र जं. | 22:25 | 22:35 |
| 16:13 | 16:15 | दानापुर | 22:08 | 22:10 |
| 16:43 | 16:45 | आरा जं. | 20:53 | 20:55 |
| 17:28 | 17:30 | बक्सर | 19:43 | 19:45 |
| 19:15 | 19:25 | पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 18:10 | 18:20 |
| 21:05 | 21:15 | प्रयागराज | 15:35 | 15:45 |
| 23:15 | 23:25 | गोविंदपुरी | 13:25 | 13:35 |
| 06:00 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 08:00 |

चलने के दिन : 05219 मुज़फ़्फ़रपुर से दिनांक 28.07.2024 से 31.12.2024 तथा 05220 आनंद विहार (ट) से दिनांक 29.07.2024 से 01.01.2025 तक

स्थान : शयनयान

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे | आपकी सुविधा - हमारा ध्येय | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | 2303/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# टाटा समूह रांची में बनाएगा पांच सितारा ताज होटल

**रांची ।**

रांची कोर कैपिटल में टाटा समूह पांच सितारा ताज होटल बनाने के बारे में विचार कर रहा है। इसके लिए राज्य सरकार ने द टाटा इंटरप्राइजेज की अनुषंगी इकाई द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड को 6 एकड़ जमीन आवंटित की है। झारखंड मंत्रालय में होटल के निर्माण को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सीएम हेमंत सोरेन की उपस्थिति में नगर विकास एवं आवास विभाग और द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कोर कैपिटल साइट-1 रांची स्मार्ट सिटी में बनने वाले इस होटल में लग्जरी सुविधाओं के साथ 200 कमरे, बैंक्वेट और कॉन्फ्रेंस हॉल सहित अन्य आवश्यक संरचनाएं होंगी। इस इलाके में जीआरडीए (ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी) की ओर से बिजली, जलापूर्ति आदि सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। नगर विकास विभाग ने कुछ शर्तों के साथ होटल के लिए लीज मंजूर की है। करार के मुताबिक लीज 60 वर्षों के लिए होगा। यह अवधि पूरी होने पर और 30 वर्ष के लिए लीज का विस्तार किया जा सकेगा। होटल की कुल आय की 3.10 प्रतिशत राशि झारखंड सरकार को लीज रेंट के रूप में दी जाएगी। झारखंड सरकार के कैबिनेट ने पहले ही इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। टाटा समूह सिर्फ यहां की खनिज संपदाओं का ही उपयोग नहीं करता, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उद्योग कर उन्होंने इस राज्य की तरक्की में उल्लेखनीय योगदान किया है। उन्होंने कहा कि टाटा समूह की उद्यमशीलता की यात्रा झारखंड से शुरू हुई है और हम




अधिकार के साथ उनसे कह सकते हैं कि यहां के लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता में रखें। रांची में विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले होटल ज्यादा नहीं हैं। टाटा समूह की ओर से यह होटल बनने के बाद सुविधाओं का विस्तार होगा। एमओयू के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन, आईएचसीएल के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस) के. मोहन चंद्रन भी मौजूद रहे।

# इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार को बढ़ाने रोडमैप तैयारः गुप्ता

## -हीरो मोटोकॉर्प खेलने जा रही बड़ा दांव

**नई दिल्ली ।**

हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने कहा कि कंपनी के पास अपने इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार को तेजी से बढ़ाने के लिए रोडमैप तैयार है।

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन सेगमेंट की लीडरशिप की ओर देखते हुए, हीरो मोटोकॉर्प वित्त वर्ष 2025 में किफायती मॉडल पेश करने की योजना बना रही है, जो कंपनी के पास मौजूद वीडा वी1 प्रो के पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाएगा।

कंपनी की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि कंपनी इस वित्तीय वर्ष में मध्यम और किफायती सेगमेंट में उत्पाद लॉन्च करेगी।

लान्च होने वाले नए प्रोडक्ट्स का मुकाबला टीवीएस और ओले के किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटरों से होगा। हीरो मोटोकॉर्प की वीडा इलेक्ट्रिक स्कूटर रेंज की कीमत 1-1.5 लाख रुपये के बीच है, जो सब्सिडी मिलने के बाद की कीमत है। कंपनी ने एथर एनर्जी के साथ मिलकर वीडा ईवी के लिए भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक चार्जिंग इंफास्ट्रक्चर स्थापित किया है।

इसके अलावा जीरो मोटरसाइकिल के साथ साझेदारी के तहत कंपनी विदेशी बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ाएगी। हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन पवन मुंजाल ने कहा, मैं भारत में अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटरों में से एक के रूप में वीडा वी1 के उदय को देखकर विशेष रूप से प्रसन्न हूं, और मुझे वैश्विक बाजारों में इसके भविष्य के लॉन्च की उम्मीद है, जहां यह एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनने के लिए तैयार है। हीरो मोटोकॉर्प ने पहले ही अपने ईवी स्कूटर वीडा की उपस्थिति को तीन से बढ़ाकर 100 से अधिक शहरों तक कर दिया है।

गुप्ता ने शेयरधारकों को बताया, हमारे सीआईटी जयपुर और टेक सेंटर जर्मनी में अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्रों में सभी क्षेत्रों में एक विजयी पोर्टफोलियो बनाने के लिए इनोवेशन चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी अधिक प्रीमियम उत्पादों को आगे बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय, सहायक उपकरण और व्यापारिक व्यवसायों को बढ़ाने की भी योजना बना रही है।

बता दें कि देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प अब अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर रेंज की शुरुआत की ओर बढ़ रही है।

# सोने का भाव गिरकर 67,900, चांदी 81,500 रुपए के करीब



**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा भाव में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 67,900 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 81,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने व चांदी के वायदा भाव में नरमी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 937 रुपये की गिरावट के साथ 68,015 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 1,058 रुपये की गिरावट के साथ 67,894 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 393 रुपये की गिरावट के साथ 84,501 रुपये पर खुला। इस समय यह 3,390 रुपये की गिरावट के साथ 81,504 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,398.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,415.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 44.50 डॉलर की गिरावट के साथ 2,371.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.07 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.31 था। इस समय यह 1.24 डॉलर की गिरावट के साथ 28.07 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# रुपया सर्वकालिक निम्न स्तर 83.72 डॉलर पर

**मुंबई ।**

विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी पूंजी की भारी निकासी के बीच रुपया गुरुवार को कमजोर रुख के साथ खुला और 83.72 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निम्न स्तर पर आ गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू मुद्रा में गिरावट भारतीय शेयर बाजारों में भारी गिरावट के बाद आई है। सरकार के पूंजीगत लाभ पर कर की दर बढ़ाने के फैसले के बाद से घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। वह एक पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 83.72 प्रति डॉलर पर खुला था। रुपया बुधवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर 83.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.17



प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.21 पर रहा।

# सेबी ने डीमैट एकाउंट के नियमों में किया बदलाव

**मुंबई ।**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बेसिक सर्विस डीमैट अकाउंट के नियमों में बदलाव किया है। बेसिक सर्विसेज डीमैट अकाउंट (बीएसडीए) के लिए सीमा को 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की घोषणा की। यह नियम 1 सितंबर, 2024 से लागू होगा।

सेबी ने हाल ही में बीएसडीए की पात्रता मानदंडों की व्यापक समीक्षा की, जिसका उद्देश्य शेयर बाजार में नए इंवेस्टर्स की हिस्सेदारी और निवेश को बढ़ावा देना है। यह सुविधा बाजार नियामक सेबी द्वारा 2012 में छोटे पोर्टफोलियो वाले निवेशकों पर डीमैट शुल्क के बोझ को कम करने के लिए शुरू की गई थी। बीएसडीए के लिए योग्यता पर सेबी ने कहा कि कोई व्यक्ति बीएसडीए के लिए योग्य है, बशर्ते वह कुछ मानदंडों को पूरा करता हो, जैसे कि निवेशक के पास एकमात्र या प्रथम धारक के तौर पर सिर्फ एक डीमैट खाता है, सभी डिपॉजिटरी में उसके नाम पर सिर्फ एक बीएसडीए है और खाते में सिक्योरिटीज की वैल्यू किसी भी समय डेट और नॉन-डेट सिक्योरिटीज दोनों के लिए संयुक्त रूप से 10 लाख रुपए ज्यादा नहीं



है। बीएसडीए के लिए पात्र होने के लिए आपका खाता केवल एक व्यक्ति के नाम पर होना चाहिए आपके पास कोई अन्य डीमैट खाता नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बीएसडीए कैटेगिरी के अंतर्गत केवल एक ही डीमैट खाता रखा जा सकता है। यदि आपके पास संयुक्त खाता है, तो आप खाते के पहले धारक नहीं होंगे।

# टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड और एनडीडीबी ने की साझेदारी

**नई दिल्ली ।**

टाटा पावर की इकाई टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के अनुसार राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के एक व रिष्ठ अ धिकारी और टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनोज गुप्ता ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग के केन्द्र में दूध मूल्य श्रृंखला के भीतर स्थिरता और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए कई प्रमुख पहल हैं। इसमें डेयरी सहकारी समितियों (डीसीएस), बल्क मिल्क कूलर्स (बीएमसी) और मिल्क चिलिंग सेंटर का सौरीकरण शामिल है, जिसे अत्याधुनिक सौर माइक्रोग्रिड प्रौद्योगिकी द्वारा सरल बनाया गया है। शाह ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को एकीकृत करके, हमारा लक्ष्य डेयरी मूल्य श्रृंखला में परिचालन दक्षता को बढ़ावा देना तथा हरित ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है।



# चीन ने प्रमुख नीतिगत दर और बैंक जमा पर ब्याज घटाया

**बैंकॉक ।** चीन ने प्रमुख नीतिगत दर और बैंक जमा पर ब्याज दर कम करके अपनी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। यह कदम वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट को देखते हुए बढ़ाया गया है, जिससे चीनी बाजारों में नुकसान बढ़ गया है। बुधवार को दोपहर तक हांगकांग का हैंगसेंग 1.4 प्रतिशत तथा शंघाई कम्पोजिट सूचकांक 0.4 प्रतिशत नीचे आ गया। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने गुरुवार को कहा कि उसने एक साल के मध्यम अवधि के पॉलिसी लोन के लिए ऋण दर में 20 आधार अंकों की कटौती करके इसे 2.3 प्रतिशत कर दिया है। सात-दिन के ऋण पर ब्याज दर घटाकर 1.7 प्रतिशत कर दी गई है। प्रमुख सरकारी बैंकों ने अपने वित्त पर दबाव कम करने के लिए जमा दरों में कटौती की है। केंद्रीय बैंक ने इस सप्ताह की शुरुआत में अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कई अन्य ऋण दरों में कटौती की थी।

# चाय उद्योग परिदृश्य सकारात्मक रहने की उम्मीदः धुनसेरी टी

**कोलकाता ।** घरेलू मांग बढ़ने से चाय विनिर्माता कंपनी धुनसेरी टी को चाय उद्योग का परिदृश्य सकारात्मक रहने की उम्मीद है। कंपनी ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों से कहा कि बढ़ती विनिर्माण लागत ने मुनाफे की वजह से दबाव डाला है और असंगठित क्षेत्र से अनुचित प्रतिस्पर्धा के कारण उद्योग को कठिन दौर का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उद्योग को अधिकारियों से प्रभावी प्रोत्साहन मिल सकता है। कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 में 60.73 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। प्रबंधन ने कहा कि चाय उद्योग को मौसम संबंधी अनिश्चितताओं, उत्पादन लागत में वृद्धि तथा असंगठित क्षेत्र से अनुचित प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी घरेलू बाजार में चाय की बढ़ती मांग से धुनसेरी टी को सकारात्मक परिदृश्य की उम्मीद है। कंपनी के पास वर्तमान में 12 चाय बागान और उनसे संबद्ध चाय बागान कारखाने हैं। यह सभी असम में स्थित हैं।

# नेस्ले इंडिया का मुनाफा बढ़कर 746.6 करोड़

**नई दिल्ली।** हर रोज घरों में इस्तेमाल की जानी वाली वस्तुओं को बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया लिमिटेड का अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 6.9 प्रतिशत बढ़कर 746.60 करोड़ रुपये हो गया। नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी का पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में लाभ 698.34 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में नेस्ले इंडिया की उत्पादों की बिक्री से आय 3.75 प्रतिशत बढ़कर 4,792.97 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 4,619.50 करोड़ रुपये थी। अप्रैल-जून तिमाही में कुल व्यय 2.7 प्रतिशत बढ़कर 3,844.01 करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल-जून तिमाही में नेस्ले इंडिया की घरेलू बिक्री 4.24 प्रतिशत बढ़कर 4,608.50 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 4,420.77 करोड़ रुपये थी। इसकी कुल आय 3.64 प्रतिशत बढ़कर 4,853.07 करोड़ रुपये हो गई।

# बीएमडब्ल्यू भारत में नई सीरीज में लांच, कीमत 72.90 लाख

**नई दिल्ली ।** बीएमडब्ल्यू ने भारत में नई 5 सीरीज़ 72.90 लाख रुपये में लॉन्च कर दी है। यह कार छोटे व्हीलबेस प्लेटफॉर्म पर आधो रित है। बीएमडब्ल्यू इंडिया नई 5 सीरीज को एकमात्र 530 एलआई वेरिएंट में पेश किया है। इसकी शुरुआती कीमत 72.90 लाख रुपये है। भारत-स्पेक मॉडल में चिकनी हेडलाइट्स और टेल-लाइट्स, एक सामान्य आकार की बीएमडब्ल्यू किडनी ग्रिल, 18-इंच के पहिये दिए हैं। इसमेंस्पोर्टियर फ्रंट और रियर बंपर दिया है। नई 5 सीरीज का डुअल-टोन इंटीरियर लगभग आई5 के समान है। ड्राइवर को 12.3 इंच का एलसीडी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और 14.9 इंच का सेंट्रल टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट दिया है। फीचर लिस्ट में फोर-ज़ोन क्लाइमेट कंट्रोल, डायमंड-पैटर्न क्रिल्टिंग के साथ लेदर अपहोल्स्ट्री, फ्रंट-सीट वेंटिलेशन, मैट्रिक्स एलईडी हेडलैंप, एक 18-स्पीकर, 655 बाट बोवर्स एंड विल्किंस साउंड सिस्टम और 6 यूएसबी-सी पोर्ट जैसी सुविधाएं दी हैं।

# स्टारलिंक सेवा अब एक हजार से ज्यादा विमानों में मिलेगीः एलन मस्क

**सैन फ्रांसिस्को ।** स्पेसएक्स और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि किफायती इंटरनेट सेवा स्टारलिंक अब एक हजार से ज्यादा विमानों में शुरू हो गई है। कंपनी के अनुसार स्टारलिंक यात्रियों को




विमान में हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन मिलेगा। एलन मस्क ने अपने एक्स पर पोस्ट किया, विमान में स्टारलिंक का उपयोग करने से ऐसा लगता है जैसे आप हाई-स्पीड ग्राउंड फाइबर कनेक्शन पर हैं। एलन मस्क ने हाल ही में बताया कि अफ्रीका का सिएरा लियोन देश स्टारलिंक से जुड़ने वाला 100वां और 10वां अफ्रीकी राष्ट्र बन गया है। मई में कंपनी ने इंडोनेशिया और फिजी में स्टारलिंक लॉन्च किया था। एलन मस्क के अनुसार स्टारलिंक के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा का ऑर्डर देने के लिए किसी लॉन्ग-टर्म कॉन्ट्रैक्ट की जरूरत नहीं है। सेटेलाइट-बेस्ड इंटरनेट सर्विस को द्वीप राष्ट्र में इंटरनेट सेवा देने के लिए श्रीलंका से शुरुआती मंजूरी भी मिल गई है। हालांकि, इंटरनेट सेवा को अभी तक भारत सरकार से मंजूरी नहीं मिली है। कमर्शियल पहलू की जांच पूरी हो गई है, जिसमें फॉरेन इन्वेस्टमेंट और नेटवर्थ जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। साथ ही तकनीकी जरूरतों को भी देश में लाइसेंसिंग नियमों के हिसाब से परखा गया है। एक बार स्टारलिंक को मंजूरी मिल जाने के बाद, उसे ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) सर्विसेज लाइसेंस जारी किया जाएगा, जो देश में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सर्विसेज देने के लिए जरूरी है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही धातु और बैंकिंग शेयरों में हुई बिकवाली से आई है। इसके अलावा प्रतिभूति लेनदेन कर और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी के कारण विदेशी कोषों की जमर निकासी हुई जिससे भी बाजार नीचे आया। इंट्रा-डे कारोबार में भी गिरावट से बाजार पर दबाव पड़ा हालांकि टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में तेजी से कुछ हद तक बाजार संभला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 109.08 अंक या 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 80,039.80 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 7.40 अंक तकरीबन 0.03 फीसदी टूटकर 24,406.10 अंक पर बंद हुआ। आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में 17 शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन और टाटा स्टील सेंसेक्स के शीर्ष-5 नुकसान वाले शेयर रहे। इसके अलावा, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एसबीआई, भारती एयरटेल, एचयूएल, टेक




महिंद्रा, रिलायंस, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर नुकसान में रहे। वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 13 शेयर लाभ पर बंद हुए। इसमें टाटा मोटर्स, एलएंडटी, सन फार्मा, कोटक बैंक और एचडीएफसी बैंक सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, पावर ग्रिड, बजाज फाइनैंस, टीसीएस, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, एमएंडएम, मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग नीच आये। इसके अलावा यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट रही।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों गत दिवस बाजार में शुद्ध विक्रेता रहे। उन्होंने 5,130.90 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं गत कारोबारी दिन भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 600 अंक गिरकर 79,542 अंकों पर आ गया, जबकि निफ्टी50 इंडेक्स 183 अंक गिरकर 24,230 पर पहुंच गया।

# नेटवर्थ में गिरावट के बाद भी अमीरों की सूची में ऊपर पहुंचे गौतम अडानी

## - मुकेश अंबानी 113 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की सूची में 11वें नंबर पर

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी शेयर बाजार में बुधवार को भारी गिरावट देखी गई। इससे दुनिया के प्रमुख 10 सबसे ज्यादा अमीरों की नेटवर्थ में कुल 72 अरब डॉलर की गिरावट आई। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में बुधवार को 59.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई लेकिन इसके बावजूद वह 101 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की सूची में एक स्थान ऊपर 13वें नंबर पर पहुंच गए। इस साल उनकी नेटवर्थ में 17.2 अरब डॉलर की तेजी आई है। एनवीडिया के फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग की नेटवर्थ में 7.11 अरब डॉलर की गिरावट आई और वह अडानी से नीचे फिसल गए।ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक सबसे ज्यादा नुकसान में दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क रहे। टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट से ऐसा हुआ। कंपनी के शेयरों में 12 फीसदी से अधिक गिरावट रही। इससे मस्क की नेटवर्थ एक झटके में 21.7 अरब डॉलर कम होकर 241 अरब डॉलर रह गई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 11.5 अरब डॉलर की तेजी आई है। मस्क के बाद सबसे ज्यादा नुकसान में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग रहे। उनकी नेटवर्थ में 9.47 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 165 अरब डॉलर रह गई। वैसे इस साल उनकी नेटवर्थ में 36.4 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में बुधवार को 5.18 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 204 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर मौजूद फ्रांसीसी कारोबारी बर्नार्ड अरनॉल्ट में 8.58 अरब डॉलर गंवाए और उनकी नेटवर्थ 187 अरब डॉलर रह गई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 20.4 अरब डॉलर की गिरावट आई है। बिल गेट्स, लैरी पेज, लैरी एलिसन, स्टीव बालमर, सर्गेई ब्रिन और वॉरेन बफे की नेटवर्थ में भी बुधवार को गिरावट आई। दुनिया के 10 टॉप रईसों में नौ अमेरिका के हैं।

# कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल, पेट्रोल-डीजल स्थिर

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड टूटकर 82 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के




करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वैश्विक बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.68 डॉलर की गिरावट के साथ 81.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.67 डॉलर फिसलकर 76.92 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर मिल रहा है।

## खास खबर

### लतीफ ने पंड्या की उपेक्षा पर जतायी नाराजगी

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ ने श्रीलंकाई दौरे के लिए हार्दिक पंड्या को भारतीय टी20 टीम का कप्तान नहीं बनाये जाने के फैसले को गलत बताया है। लतीफ ने कहा कि जिस प्रकार का तर्क चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने दिया है। वह केवल बहाने बाजी भर है। अगरकर ने कहा था कि पंड्या को खराब फिटनेस के कारण कप्तानी की जिम्मेदारी नहीं दी है। अगरकर के इस फैसले से लतीफ को निराशा हुई है। उन्होंने कहा है कि फिटनेस का बहाना देकर हार्दिक को कप्तानी नहीं दी गई। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, उन्होंने पंड्या को सर्टिफिकेट दे दिया है कि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं। उनकी फिटनेस को लेकर अब भी कई सवाल हैं पर अगर देखा जाये तो ऐसे कई खिलाड़ी रहे हैं जो फिट नहीं हैं लेकिन इसके बाद भी भी वे बहुत अच्छे कप्तान बने हैं। मुझे लगता है कि यह एक बहाना है क्योंकि नये कप्तान सूर्यकुमार यादव का नाम पहले दावेदारी में नहीं था।

### तिलक के फिट नहीं होने से रियान को मिला अवसर

**मुम्बई ।** श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में चयनित टीम में रियान पराग को जगह मिलने पर सभी ने हैरानी जतायी है। नये मुख्य कोच गौतम गंभीर की इसके लिए आलोचना भी हुई है। कई लोगों का कहना है कि रियान से बेहतर खिलाड़ियों की अनदेखी कर उन्हें अवसर दिया गया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार रियान के चयन पर बैठक में काफी चर्चा हुई थी। यहां तक कि कोच गंभीर रियान की जगह तिलक वर्मा को दल में शामिल करना चाहते थे पर तिलक के फिट नहीं होने से रियान को अवसर मिल गया। तिलक आईपीएल के दौरान चोटिल हो गए थे। ऐसे में चयन समिति के पास और कोई दूसरा विकल्प नहीं था। यही कारण है कि रियान को अवसर दिया गया है। रियान इससे पहले जिम्बाब्वे दौरे पर विफल रहे थे। यही कारण है कि लोग उनके चयन से नाराज हैं।

### 210 रनों पर सिमटी जिम्बाब्वे

**बेलफास्ट ।** आयरलैंड के साथ यहां जारी टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे की टीम मुश्किलों में घर गयी है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे पहली पारी में 210 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच में एक समय जिम्बाब्वे ने 4 विकेट पर 193 रन बना लिए थे पर इसके बाद उसने एकदम से छह विकेट खो दिये। शुरूआत में लगा कि जिम्बाब्वे 350 या फिर 400 रन का स्कोर खड़ा कर सकता है पर बाद में हालात बदल गये। .जिम्बाब्वे ने अपने अंतिम 6 विकेट 17 रन पर खो दिये। जिम्बाब्वे की ओर से इस मैच में सबसे अधिक 74 रन सलामी बल्लेबाज प्रिंस मसवारे ने बनाए। उन्होंने 74 रन की पारी खेली। वहीं दूसरे सलामी बल्लेबाज जॉयलॉर्ड गुम्बी ने 49 रन बनाए। सॉन विलियम्स ने 35 रन बनाये। आयरलैंड की ओर से बैरी मैक्कार्थी और एंडी मैकब्राइन ने 3-3 विकेट लिए। जिम्बाब्वे की ओर से इस मैच में सलामी बल्लेबाज जॉयलॉर्ड के अलावा ब्रायन बेनेट और क्लाइव मडांडे ने डेब्यू किया।

# श्रीलंका के खिलाफ जीत से शुरूआत करने उतरेगी भारतीय टीम

▸ शाम 7:00 बजे से शुरू होगा पहला टी20 मुकाबला

एजेंसी

**पालेकल ।** भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को नये कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम इस दौरे में श्रीलंका से तीन मैच खेलेगी और गंभीर व सूर्या की जोड़ी का लक्ष्य इसमें टीम को जीत दिलाना रहेगा। गंभीर को राहुल द्रविड़ की जगह कोच बनाया गया है। गंभीर को अब उनके काम को आगे बढ़ाना होगा। गंभीर को इस दौरे में उनकी मांग के अनुसार टीम दी गयी है। ऐसे में उनकी पहली




परीक्षा ये दौरा होगा। इस दौर में सूर्यकुमार को कप्तान बनाया गया है जबकि हार्दिक पंड्या इस पद के स्वाभाविक दावेदार माने जा रहे थे। इसके अलावा कई युवा खिलाड़ियों को भी अवसर मिला है। भारतीय टीम में यह बदलाव पिछले महीने विश्व कप जीतने तथा रोहित, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आया है। इस सीरीज में उपकप्तानी संभाल रहे शुभमन गिल इसे अपनी जगह पक्की करने के अवसर के रूप में देखेंगे। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और यहां तक ??कि रियान पराग जैसे अन्य खिलाड़ी भी यही चाहेंगे। अक्षर पटेल टीम में जडेजा की जगह लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उनके अलावा भारत के पास हार्दिक, शिवम दुबे और वाशिंगटन सुंदर जैसे बेहतरीन ऑलराउंडर हैं।

इस दौरे में अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है और ऐसे में गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज पर रहेगी। बल्लेबाजी की जिम्मेदारी शुभमन , सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाजों पर रहेगी। वहीं दूसरी ओर मेजबान श्रीलंकाई टीम की राह भी आसान नहीं है। उसके दो अनुभवी गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये हैं। अब उनकी जगह असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका को टीम में लिया गया है। श्रीलंकाई टीम इस सीरीज में नये कतान चरिथ असलांका और अंतरिम कोच सनत जयसूर्या के मार्गदर्शन में उतरेगी। मेजबान टीम घरेलू हालातों का लाभ उठाकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। उसके पास दासुन शनाका, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस और दिनेश चांदीमल जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। गेंदबाजी की जिम्मेदारी वानिंदु हसरंगा, मथीशा पथिराना जैसे खिलाड़ियों के पास रहेगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैंः

भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज।

श्रीलंका : चरिथ असलांका (कप्तान), दिनेश चांदीमल, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पथुम निसांका, कुसल परेरा, वानिंदु हसरंगा, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, चामिंडु विक्रमसिंघे, बिनुरा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, महेश थीक्षाना, डुनिथ वेलालगे।

## ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं भारतीय एथलीट

एजेंसी

**पेरिस ।** पेरिस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन के लिए भारतीय एथलीट तैयार हैं। एथलीटों के साथ 140 सहायक कर्मचारियों को भी सहायता के लिए भेजा गया है। भारत की ओर से पहली बार इतने अधिक सहायक कर्मचारी ओलिंपिक के लिए गये हैं। इनमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी दिनशॉ पारदीवाला के नेतृत्व में आहार विशेषज्ञ, खानसामे और फिजियोथेरेपिस्ट भी गये हैं। इसके अलावा एथलीटों को आराम की नींद आये। इसके लिए भी विशेषज्ञ भी गए हैं। इन सभी का लक्ष्य खिलाड़ियों को हर प्रकार से मुकाबले के लिए फिट बनाये रखाना रहेगा। इस दौरान




चिकित्सकों का दल एथलीटों की चोट पर भी नजर रखेगा और उन्हें मानसिक तौर पर भी मजबूत बनाने का काम करेगा। पारदीवाला ने कहा, ह्यखेलों में हम ये भी देखने का प्रयास करेंगे की एथलीटों को चोट कैसे और क्यों लगी और क्या इससे बचा जा सकता था। यह पता लगाने के लिए हम एथलीटों की मानसिक ?स्थिति पर भी ध्यान रखते हुए ये भी पक्का करेंगे कि कहां गलती थी और किस प्रकार के बदलावों की जरुरत है।

इस बार भारत तालिका में अपनी स्थित बेहतर करना चाहेगा। उसे भाला फें?क स्पर्धा में नीरज चोपड़ा और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन से एक बार फिर पदकों की उम्मीद रहेगी। भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा को उम्मीद है कि इस बार पेरिस में भारत के पदकों की संख्या दो अंकों तक पहुंच जाएगी। एयर राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पधाओं के लिए 21 शूटरों को टिकट मिला है। भारत पेरिस ओलिंपिक के लिए सभी कोटे हासिल किए हैं। इस बार भारतीय राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन ने ओलिंपिक में केवल कोटा हासिल करने की जगह खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के आधार पर किया है।

## गंभीर और सूर्यकुमार की सोच एक जैसी : शुभमन

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान शुभमन गिल तैयार हैं। शुभमन ने कहा है कि टीम के नये कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य कोच गौतम गंभीर की सोच एक सी है। शुभमन ने कहा है कि मैं सूर्यकुमार के नेतृत्व में खेला हूं और मुझे लगता है कि उनके और गंभीर के सोचने का तरीका एक सा है।




शुभमन इस सीरीज में यशस्वी जयसवाल के साथ पारी की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में एक-दूसरे के साथ बल्लेबाजी करने का आनंद लेते हैं, खासकर जिस तरह के शॉट्स हम दोनों खेलते हैं, हम एक-दूसरे के पूरक होते हैं। दाएं-बाएं संयोजन होने के कारण हमने एक साथ जो मैच खेले हैं उनमें हमारी साझेदारी अच्छी रही है। मुझे लगता है कि हमारे पास 150 रन की दो साझेदारियां हैं। हमारे बीच बहुत अच्छी समझ और संचार है और यह बहुत आनंददायक है। शुभमन ने नये सहायक कोच अभिषेक नायर की भी प्रशंसा की, जिनके साथ उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स में काम किया था। उन्होंने कहा कि नायर मैदान पर बहुत प्रयास करते हैं। वह खिलाड़ियों के साथ तब तक रहते हैं जब तक वे अपने कौशल से संतुष्ट नहीं हो जाते।

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं अर्शदीप

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को टेस्ट टीम में जगह मिल सकती है। अर्शदीप ने हाल ही में सीमिल ओवरों के प्रारुप में शानदार प्रदर्शन किया है। टी20 विश्वकप में भी उनकी गेंदबाजी काफी अच्छी रही थी। विश्वकप में अर्शदीप ने 17 विकेट लिए थे। इसी कारण उन्हें अब श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भी शामिल किया गया है।

अटकलें हैं कि अर्शदीप को इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से टेस्ट क्रिकेट में अवसर मिल सकता है। इसी कारण उन्हें दलीप ट्रॉफी के कुछ मुकाबले खेलने को कहा गया है।



अर्शदीप ने 2022 का टी20 वर्ल्ड कप भी खेला था। तब भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। उस समय इस तेज गेंदबाज ने 10 विकेट लिए थे।

अर्शदीप को टी20 क्रिकेट खेलते हैं। हालांकि, अब उन्हें वनडे क्रिकेट में भी आगे बढ़ाया जा रहा है। श्रीलंका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए अर्शदीप को भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है। अब उन्हें टेस्ट क्रिकेट के लिए भी देखा जा रहा है।

## दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज हुआ बाहर

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** दक्षिण अफ्रीका को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले ही करारा झटका लगा है। उसके तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस सीरीज से बाहर हो गये हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि कोएत्जी अगले माह सात अगस्त से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज खेलने तक फिट नहीं हो सकते हैं। इसीलिए उनको टीम में नहीं रखा गया है। कोएत्जी को यह चोट अमेरिका की टी-20 फ्रेंचाइजी लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दौरान ही लगी थी। इस लीग में टेक्सास सुपर किंग्स की ओर से खेल रहे थे। अब कोएत्जी की जगह मिगेल प्रीटोरियस को टीम में जगह मिली है। प्रीटोरियस ने अभी तक टेस्ट स्तर का कोई मैच नहीं खेला है हालांकि उन्होंने 64 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं।

## मैंने अलग-अलग कप्तानों से काफी कुछ सीखा : सूर्यकुमार

एजेंसी

**पालेकल ।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के नये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि उन्हें अपने करियर के दौरान कई कप्तानों के साथ खेलने का अवसर मिला है। जिससे उन्हें काफी कुछ सीखने का अवसर मिला है। टी20 विश्वकप में जीत के बाद रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद सूर्यकुमार को कप्तानी मिली है जबकि हार्दिक पांड्या को बनाये जाने की संभावना थी। भारतीय टीम को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी२० सीरीज खेलनी है और इसमें सूर्या की पहलीी परीक्षा होगी।

सूर्यकुमार ने कहा, ह्यभले ही मैं कप्तान नहीं था पर मैंने हमेशा मैदान पर नेतृत्वकर्ता की भूमिका का आनंद उठाया है। मैंने हमेशा अलग-अलग कप्तानों से काफी



कुछ सीखा है जिससे मुझे पता है कि कप्तान की क्या जिम्मेदारी होती है।

सूर्यकुमार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की तरफ से 2014 में गौतम गंभीर की अगुवाई में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेले हैं। ऐसे में उनके टीम के नये मुख्य कोच गंभीर से अच्छे संबंध हैं।

उन्होंने कहा, ह्यवह (गंभीर) जानते हैं कि मैं कैसे काम करता हूं और जब मैं अभ्यास सत्र में आता हूं तो मेरी मानसिकता क्या होती है। मैं यह भी जानता हूं कि वह कोच के रूप में कैसे काम करने की कोशिश करते हैं। यह सब हमारे बीच के प्यारे रिश्ते से जुड़ा है और मैं यह देखने के लिए बेहद उत्साहित हूं कि यह कैसे आगे बढ़ता है। सूर्यकुमार ने कहा कि एक कप्तान के रूप में वह विनम्र बने रहना चाहते हैं क्योंकि वह क्रिकेट को सिर्फ एक खेल के रूप में देखते हैं, न कि जीवन के रूप में।

इस बल्लेबाज ने कहा, ह्यइस खेल से मैंने जो सबसे महत्वपूर्ण बात सीखी है वह यह है कि आप कुछ हासिल करने के बाद या अच्छा प्रदर्शन न करने के बाद भी कितने विनम्र रहते हैं। मैंने सीखा है कि आप मैदान पर जो कुछ करते हैं आपको उसे वहीं छोड़ देना चाहिए क्योंकि पहले सबसे अच्छा इंसान बनना जरुरी है।

## एकदिवसीय सीरीज में एक अहम रिकार्ड बना सकते हैं विराट

एजेंसी

**मुम्बई ।** श्रीलंका के खिलाफ अगले माह होने वाली एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। विराट इस सीरीज के दौरान ऐसा रिकॉर्ड बना सकते है जो किसी अन्य क्रिकेटर के लिए तोड़ना असंभव की तरह रहेगा। विराट इस सीरीज में 27,000 रन का आंकड़ा पार कर सकते हैं। विराट के नाम अभी 53.55 की औसत से 26,884 रन हैं। ऐसे में अगर वह श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में 116 रन बनाते हैं तो उनके तीनों प्रारुपों को




मिलाकर कुल 27 हजार रन हो जाएंगे। यह वो आंकड़ा है, जो अब तक केवल तीन खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर 34357, कुमार संगकारा 28016 और रिकी पोंटिंग 27483 ही हासिल कर पाये हैं। आज के दौर के क्रिकेटरों की बात करें तो विराट के अलावा एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जिसने 20,000 रन बनाए हों। वर्तमान समय के क्रिकेटरों में विराट कोहली के बाद जो रूट 19,355 रनों के साथ दूसरे और रोहित 19,077 रनों के साथ ही तीसरे नंबर पर हैं। रूट 33 साल के हैं जबकि रोहित की उम्र 37 साल है। अब अगर ये दोनों खिलाड़ी 40 साल की उम्र तक खेलें तो जो रूट के लिए तो यह संभव है कि वे 27 हजार रन बना लें। रोहित के लिए भी ये काफी कठिन है। रोहित ने अब तक कुल 480 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 43.25 की औसत से 19,077 रन बनाए हैं। उन्हें 27 हजार रन का आंकड़ा हासिल करने के लिए 7923 रन और बनाने होंगे। रोहित को 27 हजार रन तक पहुंचने में करीब चार साल लगेंगे। उनके 40 साल की उम्र तक खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। ऐसे में वह इस रिकार्ड तक नहीं पहुंच सकते।

## जुबिन से मिली सीख का लाभ उठाएंगे हमारे खिलाड़ी : जयसूर्या

एजेंसी

**कोलंबो ।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के अंतरिम कोच सनथ जयसूर्या ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा से मिली सीख से उनकी टीम भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। साथ ही कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों के नहीं होने से भी उनकी टीम को लाभ होगा। रोहित और विराट ने टी20 विश्वकप के बाद संन्यास ले लिया था। भारत और मेजबान श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज 27 जुलाई से शुरू होगी। जयसूर्या ने कहा कि टीम के लिए जुबिन के साथ छह दिन का



कैंप रखा गया था। जयसूर्या ने कहा, हमने एलपीएल के तुरंत बाद ही ये कैंप शुरू कर दिया था। इस दौरान अधिकतर खिलाड़ी एलपीएल में खेल रहे थे पर इसके बाद भी उन्हें जुबिन के पास भेजा गया। साथ ही कहा कि. हमने उनके साथ लगभग छह दिन काम किया। लीगमें खेलने बाद अन्य क्रिकेटर भी उनके साथ जुड़े और उनके अनुभवों से खिलाड़ियों को लाभ भी हुआ है। जयसूर्या ने कहा कि भरूचा के साथ सत्र काफी गंभीर रहा और खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने को मिला। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, हमारी तैयारी अच्छी है। टी20 सीरीज शुरू होने से पहले कैंडी में हमारे पास दो दिन और हैं।

## पेरिस 2024: कीवी चैलेंज के लिए तैयार भारतीय पुरुष हॉकी टीम

एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस 2024 ओलंपिक में शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करने के लिए तैयार है।

दो सप्ताह से कुछ अधिक समय पहले यूरोप पहुंचने के बाद, भारतीय टीम स्विट्जरलैंड में 3 दिवसीय मानसिक अनुकूलन शिविर से गुजरी है, इसके बाद टीम ने अपने पहले पूल बी मैच से पहले मलेशिया, नीदरलैंड, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ उच्च-ऑक्टेन अभ्यास मैच खेले हैं।

शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ समूहीकृत भारत को अच्छी शुरूआत करने




की जरूरत है। कप्तान ने कहा, ?पेरिस पहुंचने से पहले हमारे पास वास्तव में कुछ अच्छे अभ्यास मैच थे और स्विट्जरलैंड में एक इकाई के रूप में अनुभव कुछ अनोखा था, जो हमने अतीत में किया था, वैसा कुछ भी नहीं। हम अपना अभियान शुरू करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छी जगह पर हैं। हरमनप्रीत ने कहा, ?यहां खेल गांव में माहौल बेहद अच्छा है। हमारे भारतीय दल के एथलीटों से मिलना और यह देखना कि हमारे अपने दल के भीतर हमें कितना समर्थन है, काफी अभिभूत करने वाला रहा है और यह हमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए और अधिक प्रेरित करता है।

विशेष रूप से न्यूजीलैंड के बारे में कप्तान ने कहा, हमने हमेशा न्यूजीलैंड को एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा है और हमने अपनी टीम ब्रीफ के दौरान इस टीम के बारे में विस्तार से चर्चा की है। हम जानते हैं कि हम किसी भी समय गति नहीं छोड़ सकते हैं खेल में हमारे लिए अच्छी शुरूआत करना और पूरे खेल में दबाव बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, ?जिस क्षण का हम बेसब्री से इंतजार कर रहे थे वह आखिरकार आ गया है और टीम बेहद उत्साहित है। बेशक, कुछ घबराहट भी है और किसी भी बड़े खेल से पहले यह हमेशा अच्छा होता है।

उन्होंने कहा, हमने ओलंपिक खेलों जैसे आयोजन के दबाव से निपटना सीख लिया है, हम यहां अपने पदक का रंग बदलने के मिशन पर हैं और हां, हम टीमों के साथ एक कठिन पूल में हैं और वे पेरिस में पदक के गंभीर दावेदार हैं लेकिन अच्छे दिन पर, हम बाकियों से बेहतर साबित हुए हैं और यही मानसिकता हम इस टूनामेंट में अपनाएंगे।

भारत अपने पहले पूल बी मैच में शनिवार, 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।



पेरिस में जिम्नास्टिक अभ्यास सत्र में भाग लेती हुई अमेरिका की शिमोन बाइल्स।



# कामिका एकादशी के दिन करें ये उपाय, हर कामना होगी पूरी

**पंचांग के अनुसार, साल में कुल 24 एकादशी तिथियां पड़ती हैं। इन्हीं में से एक है श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी जो इस बार 31 जुलाई, दिन बुधवार की पड़ रही है। कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से सभी कामनाओं की पूर्ति होती है।**

हिन्दू धर्म में एकादशी तिथि का बहुत महत्व माना जाता है। पंचांग के अनुसार, साल में कुल 24 एकादशी तिथियां पड़ती हैं। इन्हीं में से एक है श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी जो इस बार 31 जुलाई, दिन बुधवार की पड़ रही है। कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से सभी कामनाओं की पूर्ति होती है। वहीं, ज्योतिष शास्त्र में भी बताया गया है कि इस एकादशी के अवसर पर कुछ ज्योतिष उपाय जरूर करने चाहिए जिससे आप अनेकों लाभ पा सकते हैं। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कामिका एकादशी के उपायों के बारे में विस्तार से।

## धन लाभ के उपाय

कामिका एकादशी के दिन 5 कौड़ियां लें और उन कौड़ियों को लाला कपड़े में बांधकर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के सामने अर्पित करें। फिर इसके बाद कौड़ियों को घर की तिजोरी में रख दें। इससे धन लाभ के योग बनेंगे और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## कामना पूर्ति के उपाय

भगवान विष्णु के बीज मंत्र ऊँ नमो: नारायणाय नम: का 108 बार संकल्प के साथ कामिका एकादशी के दिन जाप करें। संकल्प के साथ इस मंत्र का जाप करने से भगवान विष्णु की कृपा होगी और आपकी इच्छाएं पूरी हो जाएंगी। आपके काम बनने लग जाएंगे।

## वैवाहिक जीवन के उपाय

गुलाब या कमल के 2 फूल लेकर उन्हें कलावे से बांधें और उसमें 7 गांठ लगाएं। फिर उस गुलाब या कमल के जोड़े को भगवान विष्णु के चरणों में रखें। इससे आपके वैवाहिक जीवन का क्लेश दूर होगा। पति-पत्नी के बीच रिश्ता मधुर बनेगा और संतान प्राप्ति के योग बनेंगे।

## ग्रह दोष मुक्ति के उपाय

कामिका एकादशी के दिन पीले रेशमी कपड़े में 9 सुपारी रखें और उन सुपारियों पर अक्षत एवं रोली लगाएं। इसके बाद गांठ बांधकर घर की पूर्व दिशा में टांग दें। इससे ग्रह दोष दूर होगा। ग्रह शांत होकर कृपा बरसाएंगे और ग्रहों द्वारा आपको शुभ परिणाम नजर आएंगे।



# सावन की पहली एकादशी कामिका एकादशी कब है, पूजा का शुभ मुहूर्त और महत्व

**हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। ऐसा करने से व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। साथ ही व्यक्ति के जीवन में चल रही परेशानियां दूर हो जाती है।**

पंचांग के हिसाब से हर साल सावन माह के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन कामिका एकादशी मनाने की परंपरा है। यह एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। इस दिन व्रत रखने से व्यक्ति को समस्त पापों से छुटकारा मिल जाता है। साथ ही सभी मनोकामनाएं सिद्ध हो जाती है। अब ऐसे में सावन की पहली एकादशी यानी कि कामिका एकादशी कब पड़ रही है, शुभ मुहूर्त क्या है और एकादशी तिथि का महत्व क्या है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

## कामिका एकादशी कब है

हिंदू पंचांग के अनुसार सावन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 30 जुलाई को संध्याकाल 04 बजकर 44 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी कि 31 जुलाई को संध्याकाल 03 बजकर 55 मिनट पर समाप्त होगी। बता दें, हिंदू धर्म में व्रत और त्योहार के लिए सूर्योदय के बाद से तिथि की गणना की जाती है। इसलिए तिथि के हिसाब से 31 जुलाई को सावन माह की पहली एकादशी मनाई जाएगी।

## पूजा का शुभ मुहूर्त क्या है?

शास्त्र के हिसाब से भगवान विष्णु की पूजा प्रात- काल में करने की मान्यता है। इसलिए साधक 31 जुलाई को सुबह 05.32 से सुबह 07.23 मिनट के बीच भगवान विष्णु की पूजा-पाठ विधिवत रूप से कर सकते हैं। इससे व्यक्ति को उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है।

## कामिका एकादशी के बन रहे हैं शुभ योग

कामिका एकादशी के दिन ध्रुव योग बन रहा है। यह योग दोपहर 02 बजकर 14 मिनट तक है। ज्योतिष शास्त्र में ध्रुव योग को बेहद शुभ माना जाता है। इस योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से साधकों को मनोवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही शुभ कार्यों में सिद्धि प्राप्त होती है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का भी संयोग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन भर है।

## कामिका एकादशी व्रत का महत्व क्या है?

कामिका एकादशी के दिन जो व्यक्ति व्रत रखता है। उसे सभी पापों से छुटकारा मिल सकता है। इस व्रत को करने से जीवन के समस्त कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस व्रत को करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बता दे, सावन के महीने में यह एकादशी व्रत पड़ता है। जिसका कारण इस एकादशी का महत्व अधिक बढ़ जाता है। इस एकादशी तिथि के दिन भगवान विष्णु के साथ-साथ भगवान



शिव का आराधना करने से हर बिगड़े काम बन जाते हैं।

# कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु को लगाएं ये भोग, घर में बनी रहेगी बरकत



हिन्दू धर्म में एकादशी तिथि का बहुत महत्व माना जाता है। पंचांग के अनुसार, साल में कुल 24 एकादशी तिथियां पड़ती हैं। इन्हीं में से एक है श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी जो इस बार 31 जुलाई, दिन बुधवार को पड़ रही है। कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। मान्यता है कि सावन में आने के कारण इस एकादशी का महत्व और भी बढ़ जाता है। भगवान शिव ही इस एकादशी का फल प्रदान करते हैं। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि सावन की कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु की जो भी पूजा हम करते हैं वो भगवान शिव के भाग में जाती है, उसे भगवान शिव स्वीकार करते हैं। ठीक ऐसे ही भगवान विष्णु को लगाया भोग भी शिव जी द्वारा सी ग्रहण किया जाता है। ऐसे में आइये जानते हैं कि कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु को कौन सी चीजों का भोग लगाना चाहिए और क्या है उससे मिलने वाले अद्भुत लाभ।

कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु को लड्डुओं का भोग लगाना चाहिए। बेसन या बूंदी से बने लड्डू भगवान विष्णु को प्रिय हैं। इसके अलावा, भगवान विष्णु को खीर का भोग लगाना भी शुभ माना जाता है। हालांकि एकादशी के दिन चावल का प्रयोग वर्जित माना गया है। ऐसे में मखाने की खीर का भोग लगा सकते हैं या फिर आप चाहें तो मखानों को भून कर भी भोग में भगवान विष्णु को अर्पित कर सकते हैं। भगवान विष्णु को कामिका एकादशी के दिन मालपुए या घेवर का भोग भी लगाया जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि जब भी कोई नया मौसम शुरु होता है तो उस मौसम के फल या मिठाई का भोग अवश्य लगाना चाहिए। अभी घेवर का समय चल रहा है। ऐसे में आप कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु को घेवर का भोग लगा सकते हैं। साथ ही, मालपुए का भोग भी भगवान विष्णु को चढ़ा सकते हैं। मालपुआ श्री हरि को प्रिय है।



# सावन में कांवड़ का है विशेष महत्व, कितने तरह की होती है ये यात्रा

सावन मास के प्रारंभ होने के साथ-साथ कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाती है। कांवड़ यात्रा में कांवड़िया गंगा नदी में स्नान कर लोटे में जल भरकर से शिव मंदिर में सावन शिवरात्रि के दिन अभिषेक करते हैं। कांवड़िया भगवान शिव से प्रार्थना कर आशीर्वाद मांगते हैं, इस कांवड़ यात्रा को लेकर यह मान्यता है कि भगवान शिव कांवड़िया की सभी इच्छाएं पूरी करते हैं।

## कितने प्रकार की होती है कांवड़ यात्रा

### सामान्य कांवड़ यात्रा

सामान्य कांवड़ यात्रा में शिव भक्त चलते-चलते जब थक जाते हैं तो बीच-बीच में आराम कर सकते हैं। आराम के दौरान कांवड़ियों को इस बात का खास ध्यान देना पड़ता है कि कांवड़ बीच में जमीन पर न रखें। कांवड़िया अपने साथ स्टैंड लेकर चलते हैं, साथ ही वे कांवड़ को किसी पेड़ की डाल पर भी टांग देते हैं।

### डाक कांवड़ यात्रा

डाक कांवड़ यात्रा में कांवड़िया विश्राम नहीं करता है। जब वह पवित्र नदी से स्नान कर जल भरता है तब वह सीधा मंदिर में जाकर रुकता है। डाक कांवड़ यात्रा करने वाले कांवड़िया बीच में किसी भी चीज के लिए नहीं रुकते और उनकी यात्रा को सरल बनाने के लिए मार्ग में कई तरह की उचित व्यवस्था की जाती है।

### खड़ी कांवड़ यात्रा

खड़ी कांवड़ यात्रा में साधक कांवड़ लेकर चलते हैं। इस खड़ी कांवड़ यात्रा में 2-3 लोग साथ में चलते हैं, जिसमें एक के थकने पर दूसरे लोग कांवड़ लेकर साधक की यात्रा पूरी करने में सहायता करते हैं।

### दांडी कांवड़ यात्रा

कांवड़ यात्रा के सभी प्रकारों में दांडी कांवड़ यात्रा सबसे कठिन मानी गई है। इस दांडी कांवड़ यात्रा में कांवड़िया पवित्र नदी से स्नान कर जल भरता है और मंदिर तक दंडवती करते हुए पहुंचता है। इस यात्रा में सबसे ज्यादा समय लगता है।

## कौन सी कांवड़ यात्रा है सबसे सरल और सबसे कठिन

सबसे सरल की बात करें तो सामान्य कांवड़ यात्रा सबसे सरल है। इस यात्रा में कांवड़िया बीच-बीच में कांवड़ को स्टैंड पर रखकर आराम कर सकता है। वहीं दांडी कांवड़िया कांवड़ यात्रा के सभी प्रकार में सबसे ज्यादा कठिन है। इस कांवड़ यात्रा में कांवड़िया दंडवती करते हुए भगवान शिव को कांवड़ का जल अर्पित करता है।

# यात्रा के दौरान कांवड़ को जमीन में क्यों नहीं रखना चाहिए?



सावन मास में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है, इस माह में कांवड़िया कांवड़ में जल भरकर शिव जी का अभिषेक करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि कांवड़ को जमीन पर क्यों नहीं रखते? कांवड़ को जमीन में नहीं रखने के पीछे एक धार्मिक मान्यता है। इस मान्यता के अनुसार कांवड़ियों का मानना है कि कांवड़ भगवान शिव का स्वरूप है, जिसे कभी भी जमीन में रखकर उसका अपमान नहीं करना चाहते हैं। इसके अलावा कांवड़ में भरा हुआ जल भगवान शिव को चढ़ता है, ऐसे में कांवड़िया जमीन पर रखे हुए जल को भगवान शिव के ऊपर नहीं चढ़ाते हैं। जिस मार्ग में कांवड़िया विश्राम के लिए रुकते हैं, उस स्थान में कावड़िया स्टैंड या पेड़ पर कांवड़ को रखते हैं, ताकि कांवड़ जमीन को स्पर्श न हो।







# सावन में रुद्राभिषेक के लिए पांच दिन हैं उत्तम... राहु, केतु और शनि भी हो जाएंगे शांत

भगवान शंकर के प्रिय माह सावन में शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करने से कई विपदाओं से मुक्ति मिलती है। रुद्राभिषेक करने से उत्तम फलों की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में भी रुद्राभिषेक का वर्णन किया गया है। रुद्राभिषेक करने से घर में शांति बनी रहती है और ग्रहों का बुरा प्रभाव भी कम होता है। सावन महीने की शुरुआत हो चुकी है। यह माह 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त तक चलने वाला है। इस पूरे महीने शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। कहा जाता है कि इस माह भगवान शिव को प्रसन्न करना आसान होता है। सावन के महीने में कांवड़ यात्रा भी निकाली जाती है। कांवड़ यात्री पवित्र नदियों से जल भरकर अपने कांवड़ में लाते हैं और अपने आसपास के शिवालयों में शिवलिंग का अभिषेक करते हैं।

## रुद्राभिषेक करने की सही तिथि

सावन में रुद्राभिषेक का खास महत्व होता है। लेकिन किस दिन रुद्राभिषेक किया जाना चाहिए, इसे लेकर कन्फ्यूजन बना रहता है। आइए, जानते हैं कि सावन में रुद्राभिषेक के लिए उत्तम दिन कौन-सा है। सावन के महीने में रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। शिवलिंग का अभिषेक तो किया ही जाता है, लेकिन रुद्राभिषेक करने के खास महत्व होता है। कहा जाता है कि इससे जीवन में चल रही परेशानियां दूर हो जाती हैं। इस बार सावन के महीने में ऐसी कई शुभ तिथियां आने वाली हैं, जिस दिन रुद्राभिषेक किया जा सकता है।

## सावन में इस दिन करें रुद्राभिषेक

सावन शिवरात्रि का दिन भगवान शिव के रुद्राभिषेक के लिए काफी खास माना जाता है। इस दिन व्रत रखना चाहिए। इस दिन शिव जी की विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए। इस साल 2 अगस्त 2024 को सावन शिवरात्रि पड़ रही है।सावन माह की शिवरात्रि और सोमवार के साथ-साथ नागपंचमी पर भी रुद्राभिषेक करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इस दिन रुद्राभिषेक करना बहुत शुभ माना जाता है।

इस साल सावन मास में नागपंचमी पर्व 9 अगस्त 2024 को मनाया जाने वाला है।

सावन सोमवार का दिन भी रुद्राभिषेक के लिए उत्तम होता है। इस बार सावन का दूसरा सोमवार 29 जुलाई को पड़ रहा है। सावन का तीसरा सोमवार 5 अगस्त, चौथा सोमवार 12 अगस्त और पांचवां सोमवार 19 अगस्त को पड़ रहा है।

## शास्त्रों में मिलता है रुद्राभिषेक का वर्णन

इन सभी तिथियों पर शिवजी का रुद्राभिषेक करने से जीवन में शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं। साथ ही कोई बड़ी सफलता प्राप्त होती है। ऐसे परिवार पर हमेशा भगवान शिव की कृपा बनी रहती है। कहा जाता है कि रुद्राभिषेक करने से रोगों से छुटकारा मिलता है। इतना ही नहीं, इससे सभी मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। यदि आप सावन शिवरात्रि, सावन सोमवार या सावन प्रदोष के दिन रुद्राभिषेक विधि-विधान से करेंगे, तो आपको चमत्कारिक बदलाव देखने को मिलेंगे। शास्त्रों में रुद्राभिषेक को शिव जी को प्रसन्न करने का रामबाण उपाय बताया गया है भगवान शंकर के प्रिय माह सावन में शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करने से कई विपदाओं से मुक्ति मिलती है। रुद्राभिषेक करने से उत्तम फलों की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में भी रुद्राभिषेक का वर्णन किया गया है। रुद्राभिषेक करने से घर में शांति बनी रहती है और ग्रहों का बुरा प्रभाव भी कम होता है।



## कंटेंट के प्रति अधिक सजग हो गए हैं अक्षय

अक्षय कुमार बॉलीवुड के सुपरस्टार कलाकार हैं। उन्होंने बीते कई वर्षों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। इस दौरान उन्होंने अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया है। वह फिल्मों में एक्शन से लेकर कॉमेडी तक हर जॉनर में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। लंबे वक्त तक वह हिट फिल्मों की गारंटी माने जाते रहे। उन्होंने इस दौरान लगातार हिट फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए भी रखा था। हालांकि, इन दिनों वह अपने करियर के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। अक्षय की पिछली कई फिल्में अच्छा बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। इस साल की शुरुआत में उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुई थी, जो असफल साबित हुई। इसके बाद उन्हें अपनी हालिया रिलीज फिल्म सरफिरा से उम्मीदें थीं, लेकिन यह फिल्म भी उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। यह तमिल की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरु की रीमेक है, जिसमें साउथ के सुपरस्टार अभिनेता सूर्या नजर आए थे। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। हालांकि, अक्षय वो जादू हिंदी में दोहरा नहीं सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का बजट 100 करोड़ है, लेकिन फिल्म रिलीज के लगभग दो सप्ताह के बाद भी इसका पांचवा हिस्सा ही कमा सकी है। हालांकि, फिल्म के अभिनेता अक्षय इसे लेकर आशावादी बने हुए हैं। हाल में ही एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी हालिया फ्लॉप फिल्मों और असफलता से मिले सबक को लेकर बात की है। अभिनेता ने कहा, हर फिल्म के पीछे बहुत सारा खून, पसीना और जुनून लगा होता है। किसी भी फिल्म को असफल होते देखना दिल तोड़ने वाला अहसास होता है, लेकिन आपको उम्मीद की किरण ढूंढना सीखना होगा। हर असफलता आपको सफलता का मूल्य सिखाती है और इसके लिए आपकी भूख को और भी बढ़ाती है। अभिनेता ने आगे कहा कि उन्होंने अपने करियर में पहले ही असफलता से निपटना सीख लिया था। उन्होंने कहा, बेशक, यह आपको दुख पहुंचाता है और प्रभावित करता है, लेकिन इससे फिल्म की किस्मत नहीं बदलेगी। यह अभिनेता के नियंत्रण में नहीं है, आपके नियंत्रण में है कड़ी मेहनत करना, सुधार करना और अपनी अगली फिल्म पर ध्यान देना उसमें अपना सबकुछ झोंकना। मैं इस तरह से ही अपनी ऊर्जा को संचालित करता हूं और अगली फिल्म पर बढ़ने की कोशिश करता हूं। अपनी ऊर्जा को वहां केंद्रित करता हूं, जहां यह सबसे ज्यादा मायने रखता है।



## कम उम्र के रोल नहीं करना चाहतीं सोनम कपूर

**सिनेमा की दुनिया में पहली फैशन आइकन बनने वाली सोनम कपूर पिछले कुछ समय से फिल्मों से दूर हैं, लेकिन अब शायद वापस आने का इंतजार कर रही हैं। अब हाल ही में, डर्टी मैगजीन के लिए कवर इंटरव्यू में सोनम कपूर ने इस बारे में बात की कि उन्हें किस तरह की भूमिकाएं मिल रही हैं और साथ ही उन्होंने अपने बेटे वायु के मीडिया के सामने आने के बारे में भी बात की। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।**

### सोनम को ऑफर हुए हैं ऐसे रोल

सोनम ने कहा, मैं फिर से अभिनय शुरू करने जा रही हूं, चाहे लोग चाहें या न चाहें। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें 20 की उम्र की भूमिकाएं ऑफर किए जाने पर अजीब लगता है। अभिनेत्री ने आगे याद किया कि उन्हें एक ऐसी लड़की की भूमिका का ऑफर किया गया था, जिसके माता-पिता चाहते हैं कि वह शादी कर ले। और यह तब था जब उन्होंने पूछा, क्या आप सच में मुझे यह फिल्म ऑफर करना चाहते हैं? इसका कोई मतलब नहीं है।

### कम उम्र के किरदार नहीं निभाना चाहती हैं अभिनेत्री

सोनम कपूर ने आगे बताया कि उन्हें एक स्कूली छात्रा की भूमिका निभाने का ऑफर दिया गया था, जो बाद में एक खिलाड़ी बन गई। सोनम ने सोचा कि वह बड़ी उम्र का किरदार निभाएंगी और कोई दूसरी अभिनेत्री युवा किरदार निभाएगी, लेकिन निर्माता चाहते थे कि वह दोनों किरदार निभाएं। अभिनेत्री ने कहा, मैंने सोचा, नहीं, मैं ऐसा नहीं कर सकती! आप जानते हैं, क्योंकि अब वे आपकी उम्र कम कर सकते हैं। मैं कम उम्र की नहीं होना चाहती। क्या आप मेरी उम्र कम होने की कल्पना कर सकते हैं?

### फैंस का जताया आभार

जब उनसे पूछा गया कि क्या युवा भूमिकाएं मिलना उनके लिए खुशी की बात नहीं है, तो सोनम ने कहा, मेरा मतलब है, जाहिर है कि मैं जान्हवी या खुशी जितनी युवा नहीं दिखती, लेकिन मैं इस बात के लिए काफी आभारी हूं कि लोग मुझे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखते हैं, जिसकी उम्र ज्यादा नहीं है।

## पहली बार एक साथ दिखेंगे नयनतारा और कविन



साउथ अभिनेत्री नयनतारा और स्टार अभिनेता कविन ने अपनी आगामी फिल्म की घोषणा शूटिंग स्थल से एक रोमांटिक तस्वीर के साथ साझा की है। फिल्म के शीर्षक और फर्स्ट-लुक पोस्टर का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। इस रोमांटिक फिल्म का निर्देशन विष्णु एडवन करेंगे, जिन्होंने निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ मिलकर काम किया है। अभिनेत्री नयनतारा और अभिनेता कविन के द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अभिनेत्री नयनतारा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रोमांटिक तस्वीर कविन के साथ साझा की। इस तस्वीर पर उन्होंने एक साधारण सा कैप्शन 'हाय' लिख कर दिया। इसके पहले लुक को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। आपको बता दें कि यह फिल्म कविन और नयनतारा की एक साथ पहली फिल्म होगी।

इस परियोजना के निर्देशक विष्णु एडवन ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, नंदरी अरोहरा। मेरी नयनतारा मैम और मेरे कविन अन्ना के लिए। आज से यात्रा शुरू होती है। रोम्बा रोम्बा नंदरी ललित सर।

कविन ने निर्देशक के लिए जताई खुशी अभिनेता कविन ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर निर्देशक के प्रति खुशी जाहिर करते हुए लिखा, 'सबसे पहले मुझे खुशी है कि विष्णु एडवन निर्देशक बन रहे हैं और उनकी पहली फिल्म का हिस्सा बनकर मैं और भी खुश हूं। तीसरी बार जेन मार्टिन के साथ काम करना वाकई खुशी की बात है और मुझे विश्वास है कि यह एल्बम सभी को पसंद आएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए हम सभी को एक साथ लाने के लिए ललित सर का शुक्रिया।'

### शूटिंग हुई शुरू

बता दें कि इस अनाम फिल्म की शूटिंग 22 जुलाई को चेन्नई में शुरू हुई। सेवन स्क्रीन स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत जेन मार्टिन ने दिया है, सिनेमैटोग्राफी लियोन ब्रिटो ने की है और डांस कोरियोग्राफी बृंदा गोपाल ने की है।



## अपनी कास्टिंग रणनीति पर रोहित ने की चर्चा

बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर जैसे कई बड़े सितारे नजर आएंगे। रोहित शेट्टी ने अपने करियर में अजय देवगन, करीना कपूर खान, संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, काजोल समेत बॉलीवुड के कई बड़े सितारों के साथ काम किया है। उन्होंने हाल ही में अपनी कास्टिंग रणनीति पर चर्चा करते हुए बॉलीवुड के कुछ बेहतरीन कलाकारों के साथ काम करने के बारे में अपने अनुभन को साझा किया है।

### किरदारों पर ज्यादा ध्यान देते हैं रोहित

रोहित शेट्टी से हाल ही में एक बातचीत में फिल्मों के लिए कलाकारों के पीछे की रणनीति के बारे में पूछा गया। उन्होंने इस दौरान अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि जब जिस अभिनेता के लिए भूमिका लिखी गई, वह उनके साथ काम करने के लिए सहमत हुए। उन्होंने कहा कि उनके लिए किसी बड़े स्टार को कास्ट करना महत्वपूर्ण नहीं है।

रोहित ने कहा, मैं हमेशा इस बात से खुश और संतुष्ट रहता हूं। बजाय इसके कि देखो, मैंने अपनी फिल्म में यह स्टार ले लिया। इससे भी बढ़कर यह ऐसा है जैसे हमने इस किरदार को निभाने के लिए इस अभिनेता को लिखा और सोचा और वे इसे निभा रहे हैं। यही वह संतुष्टि है जो आपको मिलती है।

इन दिनों सभी की निगाहें रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन पर हैं। फिल्म निर्माता ने हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी की और अपनी फ्रैंचाइजी का जश्न मनाते हुए एक दिल को छू लेने वाला नोट साझा किया।





## छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अभिनय का जादू दिखा चुकी हैं शिवालिका

मुंबई में जन्मी शिवालिका ओबरॉय अपना 29वां जन्मदिन मना रही हैं। शिवालिका बड़े पर्दे पर अपनी अदाकारी का जलवा दिखा चुकी हैं। उससे पहले पर्दे के पीछे भी अपनी काबिलियत जता चुकी हैं। शिवालिका का नाता फिल्मी परिवार से रहा है। उनके पापा महावीर ओबरॉय ने 1967 में शीबा और हरक्यूलिस प्रॉड्यूस की थी। शिवालिका ने अनुपम खेर के एक्टर प्रिपेयर्स एक्टिंग इंस्टिट्यूट से तीन महीने का डिप्लोमा भी किया शिवालिका ने साल 2019 में फिल्म ये साली आशिकी से बॉलीवुड डेब्यू किया था, जिसमें वे अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी थे। इसके बाद शिवालिका ने विद्युत जामवाल की फिल्म खुदा हाफिज के दोनों पार्ट्स में अपनी अदाकारी का जादू दिखाया।



## धनुष ने बताया खुद को आउटसाइडर, रायन की रिलीज से पहले आलोचनाओं में घिरे

धनुष अपनी अगली फिल्म रयान की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म जो 26 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसी बीच तमिल स्टार फिल्म का जोरदार प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में धनुष अपने एक भाषण के कारण आलोचनाओं के घेरे में आ गए। सुपरस्टार ने कहा था कि वह एक बाहरी व्यक्ति हैं और उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष किया है। उन्होंने बोला कि पोएस गार्डन में घर खरीदने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। यह वही इलाका है जहां रजनीकांत और तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता के घर हैं। अभिनेता के इस बयान पर बवाल मच चुका है। इंटरनेट यूजर्स ने उन्हें याद दिलाया कि वह एक फिल्मी परिवार से हैं। धनुष ने कार्यक्रम में दावा किया कि पोएस गार्डन में उनके घर खरीदने की बहुत चर्चा हुई थी, जो रजनीकांत और दिवंगत जयललिता के आवास के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, अगर मुझे पता होता कि पोएस गार्डन में घर खरीदना बातचीत का इतना बड़ा विषय बन जाएगा, तो मुझे बस एक छोटा सा अपार्टमेंट मिल गया होता। क्या मुझे पोएस गार्डन में घर नहीं खरीदना चाहिए? अगर मैं सड़क पर रहता हूं तो क्या मुझे वहीं रहना चाहिए?

### रजनीकांत के बड़े फैन हैं धनुष

पॉश इलाके में घर खरीदने के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा, पोएस गार्डन में घर खरीदने के बारे में एक छोटी सी कहानी है। मैं 16 साल का था जब मैं और मेरा दोस्त कैथेड्रल रोड (चेन्नई में) से गुजर रहे थे। आप जानते हैं कि मैं (रजनीकांत की ओर इशारा करते हुए) किसका प्रशंसक हूं। इसलिए यात्रा के दौरान मेरी इच्छा थलाइवर का घर देखने की हुई। मैंने किसी से पूछा कि उनका घर कहां है? हमने दिए गए निर्देशों का पालन किया। हमने इलाके में पुलिस अधिकारियों के एक समूह को देखा और उनसे हमें रजनीकांत के घर तक ले जाने के लिए कहा। उन्होंने हमें निर्देशित किया लेकिन घर देखने के बाद तुरंत वहां से चले जाने को कहा।

### आलोचनाओं में घिरे धनुष

एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की, रजनीकांत और जयललिता सच्चे स्व-निर्मित अभिनेता हैं, जबकि धनुष भाई-भतीजावाद का एक उत्पाद हैं। उनकी उनसे खुद की तुलना करने की हिम्मत कैसे हुई? एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, वह सोचते हैं कि वह रजनी के समान स्तर पर हैं, लेकिन धनुष अब इसे अति कर रहे हैं, एक निश्चित छवि पेश करने के लिए बहुत अधिक प्रयास कर रहे हैं। इस तरह अभिनेता अपने बयान के कारण आलोचनाओं में घिर गए हैं।

## इन बड़ी फिल्मों में काम करने से इनकार कर चुकी हैं प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा अपने करियर में कई हिट फिल्मों का ऑफर ठुकरा चुकी हैं, इनमें से एक तो रजनीकांत और ऐश्वर्या राय की हिट फिल्म रोबोट ही है। आइए जानते हैं बाकी फिल्मों के बारे में अभिषेक वर्मन द्वारा निर्देशित 2 स्टेट्स में आलिया भट्ट और अर्जुन कपूर ने अभिनय किया था, इस फिल्म के लिए पहले प्रियंका चोपड़ा से बात की गई थी। करीना कपूर स्टारर हीरोइन भी प्रियंका चोपड़ा को ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने मधुर भंडारकर की इस फिल्म में काम नहीं किया। आमिर खान और असिन की हिट फिल्म गजनी में प्रियंका को लीड रोल करने का मौका मिला था, लेकिन उन्होंने इसमें काम नहीं किया, यह 100 करोड़ रुपये कमाने वाली पहली हिंदी फिल्म थी। साल 2012 में रिलीज हुई कॉकटेल का ऑफर भी प्रियंका चोपड़ा ने ठुकरा दिया था, इसमें दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी ने काम किया था। प्रियंका को वेरोनिका का किरदार ऑफर किया गया था सलमान खान की फिल्म सुल्तान, किक और भारत में भी प्रियंका चोपड़ा ने काम करने से मना कर दिया था।



# छात्रों को सैनिकों की वेशभूषा में देख हुए उत्साहित

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा स्थित श्रीराम यूनिवर्सल



स्कूल में नए ऑडिटोरियम हॉल 'श्री आकाश गंगा' का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा उनकी याद में 'वीरों के वीर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



ग्रेटर नोएडा स्थित श्रीराम यूनिवर्सल स्कूल में नए ऑडिटोरियम हॉल श्री आकाश गंगा का उद्घाटन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आईएएस अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर कारगिल दिवस के सम्मान में विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष कार्यक्रम 'वीरों के वीर' प्रस्तुत किया गया। जिसमें 1999 के कारगिल युद्ध का सजीव मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील कुमार सिंह ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियां बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ ही उन्हें अपने इतिहास तथा देश की सीमाओं पर सैनिकों के बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण स्तर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों को पूर्ण रूप से खिलने का मौका दिया जाए तो निश्चित रूप से वे सफलता प्राप्त करते हैं। छोटे कलाकारों ने सैनिकों की वेशभूषा में कारगिल युद्ध के महत्वपूर्ण क्षणों का जीवंत चित्रण किया।

छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देखकर हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह 'मुंशी जी', उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, निदेशक निशांत सिंह, श्रीमती वंदना सिंह, श्रीमती शेफाली सिंह एवं डॉ जयकुमार सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती ज्योति राणा, श्रीमती ज्योति रॉय तथा श्री राम एजुकेयर लिमिटेड के प्रतिनिधि राजेंद्र शाह, श्रीमती निधि व छात्रों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# मानव रचना स्कूल के छात्र बोले, सीमाओं के प्रहरियों! तुम्हें प्रणाम

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्राण पर दिए पर कर दी दुश्मन की हर कोशिश नाकाम, ओ सीमा के सजग प्रहरियो शत-शत तुम्हें प्रणाम। कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में 'अंतर्क्लास टैबल्यू प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध में देश पर प्राण निछावर करने वाले अमर जवानों के प्रति अपना प्रेम तथा श्रद्धा भाव प्रदर्शित किया।



कार्यक्रम का प्रारंभ कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के नायकों की वीरता के कारनामों से परिचित कराया गया। वीर जवानों को समर्पित झांकियां की प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को देशभक्ति के भाव से उत्प्रोत कर दिया। कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त वीर चक्र से सम्मानित स्क्वाड लीडर अजय आहूजा की पत्नी ने मुख्य अतिथि के रूप में तथा कर्नल अमन अमरीक सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर छात्रों में देशभक्ति की भावना का संचार किया।

मानव रचना स्कूल की निदेशक सुश्री संयोगिता शर्मा ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि सीमा पर अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को हमेशा याद रखना चाहिए तथा उनके जीवन तथा बलिदान से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुश्री निंदिया साकेत ने इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनकी सभी ने प्रशंसा की। छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और सभी के मन में देश प्रेम की ज्योति प्रज्वलित की।

# कारगिल के अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नोएडा (चेतना मंच)।** कारगिल विजय दिवस की 25वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सेक्टर-116 में कारगिल युद्ध



में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के डीसीपी नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी उपस्थित रहे। डीसीपी ने कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल स्तंभ पर अमर जवान ज्योति जलाकर की।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने कारगिल स्तंभ पर अमर जवान ज्योति जलाकर और पुष्प चढ़ाकर कारगिल में शाहिद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। डीसीपी श्री अवस्थी ने कहा कि कारगिल में शहीद हुए जवानों को याद किया जाना चाहिए यह एक सराहनीय पहल है। उन्होंने सेक्टर में बने कारगिल स्तंभ की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह स्तंभ लोगों को प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए भी बहुत ज़रूरी है कि वो हमारे देश के लिए शहीद हुए जवानों के बारे जाने और उनका सम्मान करें।

भारत-पाकिस्तान के बीच हुए कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने 26 जुलाई 1999 में विजय हासिल की थी। इस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने शौर्य और पराक्रम की अनूठी मिशाल पैदा की और कारगिल की टाइगर हिल पर रेंजर्स को खदेड़ कर युद्ध में विजय हासिल की। कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए ही कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

कारगिल विजय दिवस के मौक पर कारगिल युद्ध में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मुख्य अथिति डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी के साथ ब्रह्मपाल चौधरी, डॉ. वीएन मिश्रा, टीएस चौधरी, सुनील चौधरी, अशोक यादव, लखपत एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एलेफ इंडिया ने किया सफाई अभियान का आयोजन

**नोएडा (चेतना मंच)।** एलेफ इंडिया (एलेफ एक्रीडिटेशन एंड टेस्टिंग सेंटर प्रा. लि.) कंपनी ने



नोएडा सेक्टर 20 के ब्लॉक ई और ब्लॉक ए के दोनों पार्कों में सफाई अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में कंपनी के प्रमुख अधिकारी और कर्मचारी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

कंपनी की ओर से एम.डी. सिंह, अभिषेक राय, अनिल पाण्डेय, नवीन गुप्ता, अनुभव गुप्ता, श्रवण,आयुष, विवेक,अजय, मीनाक्षी, दीक्षा, शिप्रा, संगीता, रेनू,मनीष, सारिका, अंजली, वंदना, जतिन, अभिनव और एलेफ इंडिया के अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर के निवासियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें शहर को साफ रखने की आवश्यकता के प्रति संवेदनशील बनाना था। इस अभियान में स्थानीय निवासियों की भी भागीदारी रही।

नोएडा सेक्टर-20 के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष रामपाल भाटी और सेक्टर-20 के हनुमान मंदिर की अध्यक्षा श्रीमती विनय कुमारी गुप्ता भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो हमारी सामुदायिक भावना को मजबूत करेगा और हमें स्वच्छ और स्वस्थ रखेगा।

# ईएसआई अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, दवाई के लिए लम्बी लाइन

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन (एनईए) ने ई.एस.आई.सी. मॉडल अस्पताल के डायरेक्टर (मेडिकल) के साथ सैक्टर-24 नोएडा स्थित कार्यालय में बैठक की। बैठक में नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन ने अस्पताल की निदेशक के समक्ष आम नागरिकों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। एनईए ने जल्द से जल्द समस्याओं का निस्तारण कराने की माँग की।

एनईए महासचिव वी.के. सेठ एवं कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन ने उद्योगो में कार्यरत श्रमिको एवं उनके आश्रितो को ईएसआईसी अस्पताल तथा डिस्पेसरियों में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। एनईए महासचिव ने कहा कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, सी.टी.स्केन और ऑपरेशन करने के लिए लंबा समय दिया जाता है। श्रमिकों को डॉक्टर से परामर्श लेने एंव दवाई लेने के लिए भी काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। श्री सेठ ने बताया कि जब कोई मरीज अस्पताल में ईलाज



कराने के लिए अगले दिन जाता है उसे दोबारा पर्ची में तारीख लिखवाने के लिए लाईन में लगना पडता है। श्री सेठ ने बताया कि अस्पताल में व्हील चेयर, वाटर कूलर आदि का अभाव है।

एनईए के साथ बैठक में समस्याओं को सुनने के बाद डायरेक्टर (मेडिकल) डा सुनीता माथुर ने बताया कि आपातकाल में सर्जरी करने के लिए 2 दिन रिजर्व रख दिये गये है। श्रमिकों को उपचार कराने के लिए लाईन में खड़ा न हो ना पड उसके लिए एप बनाया गया है ताकि मरीज रजिस्ट्रेशन कर सीधे अपना उपचार करवा सकते हैं। श्रीमती माथुर ने बताया कि दवाइयाँ वितरण के लिए 2 और खिड़कियाँ खोल दी गई है। वाटर कूलर, व्हील चेयर आदि की कमी को जल्द दूर किया जाएगा। वहीं अतिरिक्त डिस्पेसरी खोलने के लिए प्राधिकरण से जगह उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है।

प्रतिनिधिमण्डल में नौएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के वी.राम कुमार, मौ0 असफाक, प्रदीप अग्रवाल शामिल रहे।


**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**

ISO 9001:2008

**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


# नोएडा में ही जारी रहे डीएल लेने की सुविधा

**नोएडा (चेतना मंच)।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजीडेंटस वेलफेयर



योगेन्द्र शर्मा



के.के. जैन

एसोसिएशंस (फोनरवा) ने उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र लिखकर नोएडा में ड्राईविंग लाइसेंस की सुविधा सेक्टर-33 में जारी रखने की मांग की है।

फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि नोएडा की आबादी लगभग 10 लाख है। नए ड्राइविंग लाइसेंस के टेस्ट आवेदन प्रक्रिया को नोएडा से लगभग 35 किमी दूर दादरी में स्थानांतरित करने का निर्णय पूरी तरह से अव्यवहारिक और नोएडा के निवासियों के लिए परेशानी भरा है। ऐसा लगता है कि परिवहन विभाग नोएडा के निवासियों को परेशान करने पर आमादा है।

**फोनरवा ने प्रदेश के परिवहन मंत्री को लिखा पत्र**

महासचिव के के जैन ने कहा कि हम दादरी में नए ड्राइविंग टेस्ट सेंटर के निर्माण का स्वागत करते हैं, जो आस-पास के निवासियों के लिए मददगार होगा। नोएडा में नया ड्राइविंग टेस्ट सेंटर बनने तक एआरटीओ कार्यालय, सेक्टर-33, नोएडा को चालू रखने की अनुमति दी जाए। यह जरूरी है कि नोएडा के निवासियों के ड्राइविंग लाइसेंस नोएडा में ही बनाए जाएं, ताकि प्रक्रिया में अधिक दक्षता सुनिश्चित हो सके।

# 'एकलव्य की खोज' का ऑडीशन कल से

**नोएडा (चेतना मंच)।** नवरत्न फॉउण्डेशन्स और दिव्यतरंग एजुकेयर फाउंडेशन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान बच्चों को बेहतर प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिये 'एकलव्य की खोज' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए ऑडीशन 28 जुलाई को होगा।

नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम में 8 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे भाग ले सकते हैं। आयु के आधार पर दो टीम में बनाई गई हैं। ए टीम में 8 वर्ष से 13 वर्ष तथा बी टीम में 14 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों को रखा जाएगा। कार्यक्रम के लिए गायन, नृत्य और भाषण के तीन श्रेणी रखी गई है। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक बच्चों को ऑडिशन देना होगा जो पूर्णतया निशुल्क होगा। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले बच्चे सेक्टर 12 टी ब्लॉक स्थित ईशान म्यूजिक कॉलेज में 28 जुलाई से अपना ऑडिशन दे सकते हैं।

अशोक श्रीवास्तव ने आवाहन किया कि यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था के आसपास ऐसे बच्चे है जिनमे कला है और वो कुछ करना चाहते है तो उनका पूरा सहयोग करें।

# नोएडा प्राधिकरण शुरू करेगा 'नो-थू-थू अभियान'

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण अब नोएडा शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। हम सब नोएडा में रहते हैं तो नोएडा के लिए हमारी भी कुछ जिम्मेदारी है। जैसे इसे साफ रखना- न गंदगी फैलाना न गंदगी फैलने देना। इस विजन को आगे रखते हुए नोएडा प्राधिकरण शहर में 'नो-थू-थू अभियान' चलाने जा रहा है।




नोएडा को स्वच्छता रैकिंग में ऊपर लाने के लिए नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डा. लोकेश एम काफी प्रयासरत हैं। इस प्रयास के तहत अब उनके निर्देश पर 'नो-थू-थू अभियान' की शुरूआत 27 जुलाई शनिवार से की जा रही है। इधर-उधर थूंक कर शहर की सुंदरता को गंदा करने वालों को रोकने तथा उन्हें जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा। 27 जुलाई 2024 को नोएडा के सेक्टर-41 एवरग्रीन मार्केट और सेक्टर-50 सेंट्रल मार्केट से 'नो-थू-थू अभियान' की शुरूआत सुबह 8.00 बजे की जाएगी।

नोएडा में 'नो-थू-थू अभियान' के दौरान नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारी नोएडा में इधर-उधर पान, गुटखा खाकर थूंकने वालों को जागरूक करेंगे। इस अभियान में नोएडा शहर के सामाजिक संगठनों, आरडब्ल्यूए व व्यापारिक तथा उद्यमी संगठनों की भी मदद ली जाएगी।

नोएडा में पान-गुटखा की बिक्री को लेकर कोई रोक-टोक नहीं है। नोएडा में कई जगह तो स्कूलों, धार्मिक स्थलों के साथ ही अस्पताल आदि के 100 मीटर दायरे में ही तंबाकू, गुटखा और पान की बिक्री होती है। नोएडा के कनॉट प्लेस कहे जाने वाले सेक्टर-18 मार्केट, सेक्टर-27 मार्केट, कंचनजंघा मार्केट, ब्रहमपुत्र मार्केट सहित अन्य कई मार्केटों में पान-गुटखा मसाला खाने वाले थूक-थूक कर शहर की सुंदरता को खराब करते हैं।

## नोएडा क्राइम फाइल

### बैंक के एसी से कॉपर तार चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-16 स्थित एक्सिस बैंक के छत पर लगे एसी यूनिट से कॉपर के तार चोरी हो गए। चोरी गए तारों की कीमत करीब 3 लाख रुपए के आसपास है। ज़ाकिर नगर नई दिल्ली निवासी फ़ैज़ अहमद ने बताया कि वह सेक्टर-16 स्थित एक्सिस बैंक में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। चोरों ने 19 जुलाई तथा 25 जुलाई को बैंक की छत पर लगे कॉपर के तार चोरी कर लिए। बैंक कर्मियों ने उन्हें इसकी जानकारी दी। फ़ैज़ अहमद के मुताबिक चोरी गए कॉपर के तारों की कीमत करीब 3 लाख रुपए है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### ई-रिक्शा चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के प्रीत विहार रेलवे रोड में रहने वाले एक व्यक्ति के घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी हो गया ई-रिक्शा में एसी रिपेयरिंग की टूल किट भी रखी हुई थी।

प्रीत विहार रेलवे रोड दादरी निवासी पवन कुमार ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है 24 जुलाई की रात्रि को अज्ञात चोरों ने उसके घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा को चोरी कर लिया उसने चोरी हुए ई-रिक्शा की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित के मुताबिक ई-रिक्शा में उसका एसी रिपेयरिंग करने की टूल किट भी रखी हुई थी थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### नशे में दबाया पत्नी का गला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट व उत्पीड़न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि शराब के नशे में उसके पति ने गला दबाकर उसकी जान लेने का प्रयास किया।

ग्राम छोलस की मढैया निवासी अंजना (काल्पनिक नाम) ने बताया कि करीब 12 वर्ष पहले उसकी शादी सर्वेश के साथ हुई थी। उसके 10 और 11 साल के दो बच्चे हैं। शादी के बाद से ही उसका पति सर्वेश आए दिन उसके साथ मारपीट व गाली गलौज करता था। सर्वेश पर कई मुकदमे भी दर्ज हैं। उसने डर की वजह से इसकी शिकायत पुलिस में नहीं की।

पीड़िता के मुताबिक 24 जुलाई की रात्रि को वह खाना खा रही थी। इस दौरान सर्वेश शराब के नशे में घर पहुंचा और बेवजह उसके साथ गाली गलौज और मार पिटाई शुरू कर दी। सर्वेश ने उसके पिता को फोन कर धमकी दी कि वह अपनी बेटी को ले जाएं और उसे तलाक चाहिए। झगड़े के दौरान वह अपने परिवार के जेठ राजकुमार के पास नीचे आ गई। इस दौरान सर्वेश ने दरवाजा तोड़कर फिर उसके साथ मार पिटाई शुरू कर दी। देर रात्रि उसके परिजन घर पहुंचे उनके सामने भी सर्वेश ने उसके साथ मारपीट की और उसका गला दबाकर जान लेने का प्रयास किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

### मोबाइल टॉवरों से कीमती उपकरण चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने अलग-अलग स्थान पर लगे 3 मोबाइल टावर से आर आर यू व कीमती उपकरण चोरी कर लिए। थाना फेस दो पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना फेस दो में दर्ज कराई रिपोर्ट में एसजी एनकॉन कंपनी के क्यूआरटी हेड सुशांत त्यागी ने बताया कि फौजी कंपलेक्स तथा गेझा गांव में लगे टावर से चोरों ने आरआरयू, जंपर, केबल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा चोरों ने मुरली प्रधान कॉलोनी कुलेसरा में भी टावर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर यहां से भी आर आर यू, सीपीआरआई, केबल, जंफर आदि चोरी कर ले गए।

### ढाबे पर शराब पीते तीन गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आबकारी विभाग की टीम ने चचुरा गांव में बने ढाबे पर अवैध रूप से शराब पीने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में ढाबा मालिक व दो ग्राहक शामिल हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना रबूपुरा में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

आबकारी निरीक्षक नामवर सिंह अपनी टीम के साथ रबूपुरा क्षेत्र में दुकानों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि चचुरा गांव स्थित शिवा ढाबे में अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। सूचना के आधार पर उन्होंने टीम के साथ छापा मारा छापेमारी के दौरान ढाबे में दो लोग शराब पीते हुए दिखाई दिए टेबल पर डिस्पोजल ग्लास, चखना व बियर की बोतल रखी हुई थी। ढाबे के काउंटर पर बैठे व्यक्ति तथा शराब पी रहे लोगों को हिरासत में ले लिया गया। ढाबा मालिक ने अपना नाम राजेश शर्मा बताते हुए कहा कि उसकी आर्थिक स्थिति खराब है जिस कारण वह ढाबे पर चखना आदि बेचकर गुजर बसर करता है। शराब पीते हुए पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम गौरव व आकाश बताए। उन्होंने बताया कि वह आसपास की दुकान से शराब खरीद कर ढाबे में बैठकर इसका सेवन करते हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### लैपटॉप रिप्लेसमेंट के नाम पर जालसाजी

**नोएडा (चेतना मंच)।** पुराने खराब लैपटॉप को रिप्लेसमेंट करने का झांसा देकर जालसाज ने एक व्यक्ति से 73500 रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने थाना सेक्टर 126 में आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 128 स्थित जेपी विश टाउन में रहने वाले गौरव वार्ष्णेय ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 10 जून को उसका एप्पल का लैपटॉप खराब हो गया। उसने ऑनलाइन गूगल पर सर्च किया। गूगल पर उसे द एप्पल स्ट्रीट नाम की वेबसाइट मिली इस पर संपर्क करने पर उसकी बात हरमीत कुकरेजा से हुई हरमीत कुकरेजा ने उसके घर आकर खराब लैपटॉप को रिपेयर करने की बात की। कुछ समय बाद हरमीत कुकरेजा उसके घर आया और लैपटॉप चेक करने के बाद उसे डेड बताया। हरमीत कुकरेजा ने उसे ऑफर दिया कि वह उसके पुराने लैपटॉप को रिप्लेसमेंट कर देगा इसके लिए उसने 43000 का बिल उसे दे दिया। पैसे लेने के बाद उसने 2 दिन में नया लैपटॉप डिलीवर करने का आश्वासन दिया। 11 जून को हरमीत कुकरेजा ने फोन कर बताया कि रिप्लेसमेंट में 14780 रुपए और लगेंगे इस पर उसने इन पैसों का भुगतान पेटीएम के माध्यम से कर दिया। 13 जून को हरमीत ने उसे बहाना बनाकर 6900 ले लिए 15 जून को एक बार फिर हरमीत कुकरेजा ने रिप्लेसमेंट में दिक्कत का बहाना बना कर 8690 रुपए मांगे। इस पर उसने हरमीत कुकरेजा से अपना पुराना लैपटॉप वापस लौट तथा ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए 64680 रुपए वापस मांगे। आरोपी ने बताया कि पैसे और लैपटॉप उसने एप्पल स्टोर में जमा कर दिए हैं इसके बाद उसने नया लैपटॉप 17 जून को डिलीवर करने का आश्वासन दिया। निर्धारित अवधि पर लैपटॉप डिलीवर ना होने पर उसने एक बार फिर अपने पैसे व लैपटॉप की मांग की जिस पर हरमीत कुकरेजा ने उसे पोर्टल के माध्यम से एक 169990 रुपए का चेक भेज दिया। उसने जब इस चेक को अपने खाते में लगाया तो स्टॉप पेमेंट की वजह से वह बाउंस हो गया। पीडति के मुताबिक हरमीत कुकरेजा ने उस से 7350 तथा एप्पल मैकबुक लैपटॉप भी हड़प लिया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर 126 पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।